卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 150 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦9 मार्च 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

## प्रचण्ड बहुमत से फिर बनेगी भाजपा सरकार:दुष्यंत

### भाजपा की मीडिया प्रचार-प्रसार वैन को विधानसभा क्षेत्रों के लिए किया रवाना

देहरादून (उद संवाददाता)।भाजपा के मीडिया प्रचार-प्रसार वैन को भाजपा प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम, प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रचार वैन के माध्यम से विधानसभा क्षेत्रों में लोगों को सरकार की योजनाओं जानकारी दी जायेगी। साथ ही लोगों के लिए सुझाव भी लिये जायेंगे। भाजपा प्रचार वैन का प्रदेश प्रभारी श्याम अग्रवाल व सह प्रभारी भारत भूषण चुघ को बनाया गया है। इस दौरान बताया गया कि प्रदेश में सरकार की योजनाओं और



लोगों के सुझाव लेने के लिए सरकार की तरफ से मीडिया प्रचार वाहन जनता तक भेजने का निर्णय लिया गया है। जिसके तहत प्रदेश में पहाड़ी क्षेत्रों में दो विधानसभा में एक व मैदानी क्षेत्र में तीन विधानसभा क्षेत्रों में एक वाहन लोगों के घर तक पहुंचेगा। इस अवसर पर प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम ने भाजपा कार्यकर्ताओं से लोकसभा चुनाव की तैयारी में जी जान से जुटने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन जन तक पहुंचायें और जनता का फीडबैक भी लें। उन्होंने कहा कि इस बार प्रचण्ड बहुमत से एक बार फिर केन्द्र में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह प्रचार वाहन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा सरकार द्वारा (शेष पृष्ठ सात पर)

## लालची और सत्ता भोगी ही छोड़ रहे कांग्रेस:माहरा

देहरादून (उद संवाददाता)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने शनिवार को कहा कि लालच, डर या फिर सत्ता के लोभी ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में जा रहे हैं। उन्होंने कहा



कि आज भाजपा खुद कांग्रेस युक्त हो गयी है। प्रेस वार्ता में कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो पांच गारंटी पूरी की जायेगी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के कानून मात्र से कोई समाधान नहीं निकलने (शेष पृष्ठ सात पर)

## कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के रेस्क्यू सेंटर में बाघ की मौत

रामनगर(उद संवाददाता)।रामनगर में स्थित ढेला रेस्क्यू सेंटर में शनिवार सुबह पूर्व में रेस्क्यू किए गए एक मादा बाघ की मौत के बाद अधिकारियों में हड़कंप में मच गया। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दीगांत नायक ने बताया कि वर्ष 2021-22 में धनगढ़ी क्षेत्र के समीप स्थित पनोद नाले के समीप मादा बाघ द्वारा इस मार्ग से गुजरने वाले कई बाइक सवारों पर हमला किया गया था। इसके बाद से इस इलाके में बाघ के आतंक को लेकर हड़कंप मचा हुआ था। इस मामले में उच्च अधिकारियों की अनुमति मिलने के बाद इस बाघ को विभागीय पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया और ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। उन्होंने बताया कि आज इस बाघ की सुबह मौत हो गई। उन्होंने बताया कि बाघ की उम्र 10 वर्ष थी। मौत का कारण प्रथम दृष्टया उसकी उम्र अधिक होना माना जा रहा है। उन्होंने बताया कि मृत बाघ के सैंपल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पशु चिकित्सकों की देखरेख में उसका पोस्टमार्टम किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

## उत्तराखंड के सांसदों की 61 प्रतिशत निधि खर्च नहीं हुई

### 85 करोड़ की सांसद निधि में से 22.02 करोड़ जारी ही नहीं करा सके,सांसद निधि खर्च करने में अजय टम्टा सबसे आगे, तीरथ सिंह रावत सबसे पीछे

काशीपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के सांसदों की 61 प्रतिशत कुल 54.49 करोड़ की सांसद निधि खर्च होने को शेष है। लोकसभा सांसदों का कार्यकाल समाप्त होने को है लेकिन 3 सांसदों की, 22.02 करोड़ की सांसद निधि जारी होने को शेष है। केन्द्रीय मंत्री तथा नैनीताल सांसद अजय भट्ट की 59.55 प्रतिशत 10.30 करोड़ तथा पूर्व मुख्यमंत्री तथा पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत की 71.55 प्रतिशत 12.34 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी। काशीपुर निवासी सूचना अधिकार कार्यकर्ता नदीम उद्दीन एडवोकेट ने उत्तराखंड के ग्राम विकास आयुक्त कार्यालय से सांसद निधि खर्च सम्बन्धी सूचना मांगी थी जिसके उत्तर में लोक सूचना अधिकारी/उपायुक्त (प्रशासन) हेमंती गुंजियाल द्वारा अपने पत्रांक 2623 के साथ सांसद निधि खर्च के दिसम्बर 2023 के विवरण उपलब्ध कराये गये है जिसमें दिसम्बर 2023 के अंत तक की उत्तराखंड के लोक सभा सांसदों की सांसद निधि खर्च का विवरण दिया गया है। श्री नदीम को उपलब्ध विवरणों के अनुसार उत्तराखंड के वर्तमान 5 लोक सभा सांसद कुल 85 करोड़ की सांसद निधि प्राप्त करने के पात्र हैं लेकिन उन्हें पिछली सांसद निधि किस्त के खर्च सम्बन्धी प्रमाण, आडिट रिपोर्ट आदि प्राप्त न होने के कारण 22.02 करोड़ की सांसद निधि 31 दिसम्बर 23 तक जारी ही नहीं हुई है जबकि भारत सरकार से प्राप्त 62.98 करोड़ की सांसद निधि में 3.42 करोड़ का ब्याज जोड़कर कुल 66.4 करोड़ की सांसद निधि में से दिसम्बर 2023 तक 32.47 करोड़ की सांसद निधि खर्च नहीं हो सकी। जारी न हुई जोड़कर कुल 88.42 करोड़ की सांसद निधि जो कुल सांसद निधि का 61.62 प्रतिशत है, खर्च होने को शेष है। 31 दिसम्बर 23 तक लोकसभा सांसद 17-17 करोड़ रूपये की सांसद निधि भारत सरकार से प्राप्त करने के पात्र है लेकिन हरिद्वार सांसद डा0 रमेश पोखरियाल तथा पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत को ही पूरी 17-17 करोड़ रूपये की सांसद निधि (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क हादसे में मजदूर की दर्दनाक मौत

### पीलीभीत से काशीपुर आया था मजदूरी करने

काशीपुर(उद संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के जनपद पीलीभीत से यहां मजदूरी करने आए एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक जनपद पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी कुछ मजदूर यहां पिछले कई वर्षों से सीजन में खेती-बड़ी करने के लिए प्रतापपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के धनौरी इलाके में आते हैं। बताया जा रहा है कि पिछले दिनों 17 में मजदूर धान लगाने के लिए ग्राम धनोरी निवासी सुखविंदर सिंह के यहां आए। बताया जा रहा है कि न्यूरिया कॉलोनी, बंगाली कॉलोनी जनपद पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी 35 वर्षीय संजय पुत्र रामस्वरूप गत शुक्रवार की शाम यहां पहुंचा। पता चला है कि देर शाम लगभग 7:45 बजे धनोरी में वह सड़क किनारे खड़े होकर साथी मजदूरों का इंतजार कर रहा था इसी दौरान उधर से होकर गुजर रहे (शेष पृष्ठ सात पर)

### लावारिस हालत में शव मिलने से सनसनी

काशीपुर। रामनगर रोड रेलवे क्रॉसिंग के समीप शनिवार सुबह रेल लाइन के किनारे लावारिस पड़े शव की सूचना ने इलाके में सनसनी मचा दी। पुलिस को जैसे ही इसका पता चला उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर जरूरी जानकारी जुटाने के बाद मृतक के शव को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए उसे पीएम हाउस भेज दिया। खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस को सुबह सूचना मिली कि रामनगर रोड पर रेलवे क्रॉसिंग के समीप रेल लाइन (शेष पृष्ठ सात पर)

## ड्यूटी के दौरान आईजीएल में मजदूर की जान गयी

### मशीन की बेल्ट में फंस गया था हाथ

बाजपुर रोड स्थित इंडिया ग्लाइकोल लिमिटेड (आईजीएल) में ठेकेदारी में कार्यरत एक मजदूर की ड्यूटी के दौरान मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से जनपद अमेठी उत्तर प्रदेश तथा हाल मंगल बाजार, आलू फार्म, बाजपुर रोड काशीपुर निवासी दयाशंकर तिवारी 30 वर्ष पुत्र ध्रुव शंकर तिवारी यहां पिछले कुछ समय से ठेकेदारी में आईजीएल कंपनी के कोल प्लांट में काम किया करता है। बताया जा रहा है कि रोजाना की भांति गत शुक्रवार को बी शिफ्ट में 2 से 10 की वह ड्यूटी में था इसी दौरान रात्रि लगभग 8 बजे अचानक कॉल प्लांट में मशीन के बेल्ट में उसका दाहिना हाथ आने से वह बुरी तरह जख्मी हो गया। फैक्ट्री के अधिकारियों को जब हादसे की सूचना मिली तो उनके होश उड़ (शेष पृष्ठ सात पर)

### नहीं दिए जाते सुरक्षा उपकरण

काशीपुर। इंडिया ग्लाइकोल लिमिटेड में कार्यरत कर्मचारियों एवं मजदूरों की सुरक्षा को लेकर प्रबंधन तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। जानकार बताते हैं कि आईजीएल में पिछले कुछ समय से प्रबंध तंत्र की घोर लापरवाही के कारण कर्मचारियों की सुरक्षा पर गौर नहीं किया जाता। ड्यूटी के दौरान अधिकांश सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराए जाते। वाह वाही बटोरने के लिए फैक्ट्री का प्रबंध तंत्र समय-समय पर कंबल वितरण ब्लड डोनेशन कैंप आदि समाज सेवा से जुड़े कार्य का ढकोसला कर खुद की पीठ आप तपने का काम करता है।

## ..तो उत्तराखंड में लिखी जाएगी 'हिमाचल' के 'ऑपरेशन लोटस' की पटकथा?

### देवभूमि पहुंचे हिमाचल के बागी कांग्रेसी विधायक, तीन निर्दलीय एवं दो भाजपा विधायक भी साथ, सिंगटाली स्थित पांच सितारा होटल को फिलवक्त बनाया ठिकाना

-अर्श-

देहरादून। अगर हिमाचल प्रदेश के बागी कांग्रेसी विधायकों की रणनीति कामयाब होने पाई ,तो आगामी कुछ दिनों के लिए उत्तराखंड राष्ट्रीय राजनीति के फलक पर अच्छा खासा लाइमलाइट में रह सकता है, क्योंकि विगत रोज हिमाचल प्रदेश के छह बागी कांग्रेसी विधायकों सहित तीन निर्दलीय एवं दो भाजपाई विधायकों के एक विशेष चार्टर्ड प्लेन से देहरादून के जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचने की खबर है। हिमाचल प्रदेश के 11 विधायकों के गोपनीय तौर पर उत्तराखंड पहुंचने के बाद सूबे में राजनीतिक सरगर्मियां अचानक बढ़ गई है और सियासी हलके में कुछ बड़ा होने की अटकलें लगाई जाने लगी हैं। स्मरण करना होगा की गुजरे दिनों संपन्न राज्यसभा चुनाव में हिमाचल के छह कांग्रेसी विधायक एवं हिमाचल सरकार को समर्थन दे रहे तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग किए जाने के कारण कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी को राज्यसभा चुनाव में मुंह की खानी पड़ी थी और हिमाचल प्रदेश कि कांग्रेसी सरकार एक बड़े राजनीतिक संकट की जद में आ गई थी तथा बजट सत्र के दौरान हिमाचल सरकार के गिर जाने के कयास लगाए जाने लगे थे, परंतु कांग्रेस




शीर्ष नेतृत्व ने बागी कांग्रेसी विधायकों को अयोग्य घोषित कराकर किसी तरह अपनी सरकार तो बचा ली थी। मगर अब हिमाचल प्रदेश के 11 विधायकों के देवभूमि पहुंचने के बाद यू जान पड़ता है कि हिमाचल की कांग्रेसी सरकार का संकट अभी पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गत दिवस तकरीबन सारा दिन ट्रेंड हुई खबर के मुताबिक हिमाचल प्रदेश के उपरोक्त सभी विधायक विशेष चार्टर्ड विमान से जौलीग्रांट स्थित देहरादून हवाई अड्डे पर उतरे और यहां से किसी अज्ञात स्थान के लिए रवाना हो गए ।खबर के मुताबिक, इन सभी विधायकों के ऋषिकेश से करीब 30 किमी दूर स्थित एक बड़े समूह के होटल में ठहरने की सूचना है ।समझा जा रहा कि ये बागी विधायक अगले कुछ दिन उत्तराखंड में ही व्यतीत करेंगे तथा देवभूमि में रहकर ही यह अपनी आगे की रणनीति तैयार करेंगे। बताना होगा कि हिमाचल प्रदेश के उपरोक्त विधायकों के उत्तराखंड पहुंचने का यह कार्यक्रम पूरी तरह गोपनीय रखा गया था और उनके एयरपोर्ट पर पहुंचने से पहले ही उनको अज्ञात स्थान पर ले जाने की पूरी व्यवस्था की गई थी। खबरों के अनुसार एयरपोर्ट से बाहर निकल कर सभी बागी विधायक ऋषिकेश की ओर रवाना हुए और वे सीधे सिंगटाली, जहां एक बड़े समूह का पांच सितारा होटल है,पहुंचे। खबर लिखे जाने तक उपरोक्त होटल ही उनका ठिकाना बना हुआ था पर सूत्रों का कहना है कि यहां से वे किसी अन्य अज्ञात स्थान पर भी जा सकते हैं।सियासी गलियारे में चर्चा है कि बागी (शेष पृष्ठ सात पर)

# उत्तराखण्ड में हो रहा सर्वांगीण विकास : धामी






## ❑काठगोदाम रोडवेज बस टर्मिनल सहित कई कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण
## ❑दिव्यांगजनों और मेधावी बालिकाओं व लाभार्थी महिलाओं को किया सम्मानित





हल्द्वानी(उद संवाददाता)। काठगोदाम रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय व अन्य कार्यों के 778.14 करोड़ के शिलान्यास व लोकार्पण के अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाशिवरात्रि व महिला दिवस पर प्रदेश वासियों को शुभकामनायें देते हुये कहा कि देवभूमि का मूल स्वरूप किसी भी कीमत पर बिगडने नही दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा घटना को अंजाम देने वाले एक-एक दंगाई को जब तक सलाखों के पीछे नहीं डाल दिया जाता, तब तक हमारी सरकार चौन से नहीं बैठेगी। जिन लोगों ने कानून के काम को रोकने का कार्य किया है जो भी दोषी होगा उनके खिलाफ जांच होगी। उन्हांने कहा प्रदेश में जिन लोगों ने सरकारी सम्पत्ति को नुकसान पहुचाया है वसूली भी उन्ही दंगाईयों से होगा। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी में रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राइविंग सेंटर सहित यह निर्माण कार्य कई साल पहले तैयार हो जाने चाहिए थे, लेकिन सरकार द्वारा तमाम ऐसे कार्य किये जा रहे हैं, जो पूर्व की सरकारों ने इच्छाशक्ति की कमी के कारण नहीं किए। आज यह पुनीत कार्य मां शीतला देवी की कृपा से उनके द्वारा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि देवभूमि जैसे पवित्र स्थान पर लंबे समय से सरकारी भूमि पर लैंड जिहाद का खतरनाक षड्यंत्र रचा जा रहा है। सिंचाई विभाग, वन विभाग, नगर निगम सहित अन्य विभागों की सरकारी भूमि पर कब्जे की नीयत से कथित धार्मिक स्थल बनाकर उन्हें कब्जाया जा रहा था। सरकार द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाकर लगभग 3500 एकड अधिक भूमि से अतिक्रमण मुक्त कराया है। उन्होंने कहा कि देवभूमि में अतिक्रमण अभियान भविष्य में भी चलता रहेगा। श्री धामी ने कहा सरकार जनता का दुखदर्द समझती है सरकार द्वारा व्यापारियों हेतु वैंडिंग जोन बनाये जा रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लैंड जिहाद पर कार्यवाही, नकल विरोधी कानून, समान नागरिक संहिता और धर्मांतरण को लेकर बनाए गए कानूनों पर कुछ लोगों द्वारा काफी बोला गया लेकिन इनके परिणाम आने के पश्चात लोग कानूनों की सच्चाई से रूबरू होकर आज कहा रहे हैं कि देवभूमि में वर्षो के पश्चात अच्छा हो रहा है। श्री धामी ने कहा कि सरकार द्वारा केवल फैसले ही नहीं लिये जा रहे है, बल्कि सभी योजनाओं को धरातल पर भी उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जिन योजनाओं का शिलान्यास किया जा रहा है समयावधि के भीतर उन योजनाओं को पूर्ण कर लोकार्पण भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा आज रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय व अन्य कार्यों का शिलान्यास उनके द्वारा किया गया है मां शीतला देवी के आर्शीवाद से लोकार्पण भी उन्ही के द्वारा किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का हमेशा से ये लक्ष्य रहा है कि उत्तराखण्ड का सर्वांगीण विकास हो और उत्तराखंड प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़े। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि प्रधनमंत्री जी के मार्गदर्शन में उत्तराखंड के अंतिम छोर पर खडेÂ व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए दिनरात प्रयासरत हैं। सरकार का लक्ष्य विकास की धारा को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, इसके लिए ही सरकार दिन-रात प्रयत्नशील हैं। एक विकसित उत्तराखंड निर्माण का जो स्वप्न हमने देखा है, उसके लिए हम "स्पष्ट विजन" को लेकर निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि रोडवेज बस टर्मिनल, आरटीओ कार्यालय, ड्राइविंग स्कूल का निर्माण होने से जहां रोजगार के अवसर बढेंगे, वही इस क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा आम जनता को वाहनों से सम्बन्धित कार्यों के लिए इधर उधर चक्कर काटने से आपको मुक्ति भी मिलेगी। उत्तराखंड को विकसित राज्य बनाने का जो "विकल्प रहित संकल्प" सरकार द्वारा कार्य किये जा रहे हैं। उत्तराखण्ड की देवतुल्य जनता के विश्वास और सहयोग से सभी समस्याओं को पार कर विकास के पथ पर अग्रसर हो रहे हैं। अपने सम्बोधन में केन्द्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्यमंत्री अजय भटट ने कहा कि आज प्रदेश में विकास की लहर चल रही है और प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर हो रहा है। उन्होंने कहा हल्द्वानी शहर की फिजा भी परिवर्तित होने वाली है। देश के प्रधानमंत्री का देवभूमि उत्तराखण्ड के लिए अनेकों कार्यों का जो संकल्प लिया है जल्द ही धरातल पर उतरने वाले है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के 10 लाभार्थियो को चैक प्रदान किये गये। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत लखपति दीदी योजना के अन्तर्गत 10 स्वयं सेवी संस्थाओं को 4 करोड 6 लाख 50 हजार के चौक प्रदान किये गये। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक मेधावी बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत जनपद की 40 बालिकाओं 10-10 हजार के चैक दिये गये। समाज कल्याण विभाग द्वारा 7 दिव्यांगजनों को मोटराईजड ट्रायसाईकिल तथा 10 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर दी गई। कृषि विभाग के 25 कृषको को सम्मानित किया गया। बनभूलपुरा घटना मे पत्रकारों के दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त होने पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन राहत कोष से 10 लाख का चैक प्रदान किया। इस अवसर पर ईजा बैंणी महोत्सव पर वीडीयो मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा लांच की गई। कार्यक्रम में सुनिधि एवं छोलिया सांस्कृतिक दलों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन नवीन पांडेय ने किया।कार्यक्रम में विधायक बंशीधर भगत, दीवान सिंह बिष्ट, डा.मोहन सिंह बिष्ट, सरिता आर्या, रामसिंह कैडा, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्यमंत्री डा. अनिल कपूर डब्बू, सुरेश भटट, दीपक मेहरा, दिनेश आर्या, मजहर नईम नवाब, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, राजेन्द्र सिंह बिष्ट, साकेत अग्रवाल, पूर्व मेयर डा. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, मुकेश बोरा, नवीन भटट, रंजन बर्गली, ध्रुव रौतेला, विनीत अग्रवाल, जेड ए वारसी, प्रताप बोरा, प्रकाश हर्बोला के साथ ही सचिव परिवहन अरविंद सिंह हयांकी, जिलाधिकारी वंदना, एसएसपी पीएन मीणा, नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई, प्रबंध निदेशक दीपक जैन, एसडीएम हलद्वानी परितोष वर्मा, रामनगर राहुल शाह, तहसीलदार सचिन के साथ ही मातृशक्ति, गणमान्य उपस्थित थे।

# अयोध्या में उत्तराखंड आवास भवन बनाने के लिए 5253.30 वर्ग मीटर भूखंड आवंटित

देहरादून। अयोध्या में राम मंदिर के पास अब 5200 वर्ग मीटर भूखंड पर उत्तराखंड आवास बनेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भूखंड का क्षेत्रफल बढ़ाने का अनुरोध किया था। उत्तरप्रदेश आवास एवं विकास परिषद ने सचिव मुख्यमंत्री को क्षेत्रफल बढ़ाए जाने की स्वीकृति के संबंध पत्र भेजा है।पहले उत्तरप्रदेश सरकार ने 4700 वर्ग मीटर भूखंड की अनुमति दी थी। लेकिन उत्तराखंड आवास के लिए राज्य सरकार और भूमि चाहती थी ताकि भविष्य की जरूरतों के हिसाब से भव्य भवन का निर्माण किया जा सके। इसको देखते हुए मुख्यमंत्री धामी ने सीएम योगी आदित्यनाथ से अनुरोध किया था। सीएम के अनुरोध पर योगी सरकार ने अधिक क्षेत्रफल का भूखंड देने की अनुमति दे दी। उत्तरप्रदेश आवास एवं विकास परिषद के पत्र के मुपताबिक, 5253.30 वर्ग मीटर भूखंड आवंटित कर दिया गया है। इसकी 33.24 लाख से अधिक लागत आने का अनुमान है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकार जल्द भूखंड का पूरा भुगतान करके इस पर अपना कब्जा ले ली गई। इसके बाद उत्तराखंड आवास भवन बनाने के लिए डीपीआर तैयार होगी।

# साइबर ठगी के सदमें से महिला ने की आत्महत्या

रूड़की। साइबर ठगी के सदमे महिला ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। महिला के बेटे की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ साइबर ठगी और आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में केस दर्ज कर लिया है। साथ ही जिस नंबर पर गूगल-पे से रकम डाली गई थी, उस नंबर की जांच कर रही है। सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र स्थित आदर्श शिवाजी नगर निवासी सूरज भट्ट ने पुलिस को बताया, मां गंगा देवी के मोबाइल फोन पर दो मार्च को एक कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद को फाइनेंस कर्मचारी बताया था। साथ ही जाल में फंसाकर मां को लोन करवाने की बात कही। उसके झांसे में आकर मां लोन करवाने को राजी हो गई। इस दौरान फोन करने वाले ने गूगल-पे से 1,91,550 रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करवा लिए। परिवार को इसकी जानकारी नहीं थी। बाद में मां का फोन चेक करने पर परिवार को ठगी का पता लगा। आरोप है कि साइबर ठगी से आहत होकर गंगा देवी ने चार मार्च को जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। परिजनों ने अंतिम संस्कार करने के बाद बृहस्पतिवार को मामले की जानकारी पुलिस को दी। कोतवाल आरके सकलानी ने बताया, तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही गूगल-पे नंबर पर जांच की जा रही है।

# पीएम मोदी ने 23 हस्तियों को 'नेशनल क्रिएटर अवार्ड' से किया सम्मानित







## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने दी चमोली जिले के पियूष पुरोहित को बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में कई हस्तियों को 'नेशनल क्रिएटर अवार्ड' से सम्मानित किया है। जिसमें उत्तराखंड के चमोली जिले के पियूष पुरोहित भी शामिल हैं। उनकी इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पियूष को शुभकामनाएं दी है। बता दें पियूष समेत देशभर के 23 हस्तियों को पीएम मोदी ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया के माध्यम से पियूष को शुभकामनाएं दी है। सीएम धामी ने लिखा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चमोली जनपद के निवासी पीयूष पुरोहित को नैननो क्रिएटर्स अवार्ड से सम्मानित किया जाना हम सभी देवभूमिवासियों के लिए गौरव का क्षण है। समस्त प्रदेशवासियों की ओर से पीयूष को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों की 23 हस्तियों को सम्मानित किया है।जिसमें कथावाचक जया किशोरी को बेस्ट क्रिएटर फॉर सोशल चेंज कैटेगरी और लोक गायिका मैथिली ठाकुर को कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके अलावा मृणाल डबास को जैविक खेती के साथ यूट्यूबर कामिया जानी को भी सम्मानित किया गया है।इसके अलावा यूट्यूबर रणवीर अल्लाहबादिया और आरके रौनक को भी सम्मानित किया गया है। सेलिब्रिटी क्रिएटर ऑफ द ईयर अवॉर्ड अमन गुप्ता को दिया गया है। जबकि बेस्ट नैनो क्रिएटर अवॉर्ड पीयूष पुरोहित को मिला है। इसके अलावा पीएम मोदी ने बेस्ट म्यूजिक क्रिएटर अवॉर्ड अरिदमन और बेस्ट क्रिएटर इन गेमिंग कैटेगरी अवॉर्ड निश्चय को दिया है। वहीं कीर्तिका गोविंदसामी को बेस्ट स्टोरीटेलिंग के लिए अवॉर्ड मिला है। तो अंकित को बेस्ट हेल्थ एंड फिटनेस क्रिएटर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। जबकि बेस्ट क्रिएटर इन एजुकेशन कैटेगरी अवॉर्ड नमन देखमुख और बेस्ट क्रिएटर इन फूड कैटेगरी अवॉर्ड कविता सिंह को दिया गया है।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभवः-
पार्किसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरूष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# शैल भवन में आरसीसी ओपन शेड का निर्माण शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर निगम की ओर से शैल भवन में स्वीकृत आरसीसी ओपन शेड के निर्माण कार्य का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं शैल सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना के साथ विधिवत शुभारम्भ किया। बता दें नगर निगम बोर्ड की बैठक में गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में आरीसीसी ओपन शेड के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया था। जिसके बाद निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान सामूहिक शिलान्यास कार्यक्रम में आरसीसी ओपन शेड का भी शिलान्यास किया था। उक्त निर्माण कार्य के लिए बजट स्वीकृत होने के बाद अब पूजा अर्चना के साथ निवर्ममान मेयर रामपाल सिंह और शैल सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से निर्माण शुरू करवाया। इस दौरान रामपाल सिंह ने कहा कि शैल भवन में ओपन शेड की जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। जनहित की इस मांग को बोर्ड की बैठक में रखा गया जिसके लिए सर्वसम्मति से शेड निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया। शेड का निर्माण होने से शैल भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में इसका लाभ मिलेगा। रामपाल सिंह ने कहा कि शहर में जनहित कार्यों को उनके द्वारा प्राथमिकता दी गयी है। भविष्य में भी उनके स्तर से जनहित के कार्यों के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी। इस दौरान शैल सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों ने रामपाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर गोपाल पटवाल, दिवाकर पांडे, भारत लाल शाह, मदन मोहन बिष्ट, सतीश ध्यानी, दिनेश बम, सतीश,राजेंद्र बोरा, जगदीश बिष्ट, महेश कांडपाल, धीरज पांडे, दिनेश भट्ट, हरीश मिश्रा, एलजी जोशी, शैलेंद्र सिंह रावत, भुवन गुप्ता, प्रमोद शर्मा, निमित्त शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।



# गंगापुर गोसाई में करोड़ों की भूमि खुर्द-बुर्द,फाइल गायब

काशीपुर(उद संवाददाता)। ग्राम गंगापुर गोसाई में लगभग पौन एकड़ भूमि को खुर्द-बुर्द करते हुए फर्जी दस्तावेजों के सहारे उसे एक व्यक्ति के नाम कर दिए जाने का हैरतअंगेज मामला प्रकाश में आया है। धोखाधड़ी के इस पूरे प्रकरण में चकबंदी के एक लेखपाल की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जा रही है। मजे की बात तो यह है कि इस भूमि से संबंधित फाइल चकबंदी कार्यालय में कथित तौर पर तमाम ढूंढने के बाद भी नहीं मिल रही है। जानकारी के मुताबिक ग्राम गंगापुर गोसाई में लगभग पौन एकड़ भूमि बेनामी संपत्ति के रूप में लंबे समय से पड़ी है। इस संपत्ति का कोई वारिस ना होने के कारण करोड़ों की इस भूमि को ग्राम सभा की संपत्ति माना जा सकता है। वर्ष 2021 की 30 दिसंबर को फर्जी दस्तावेजों के सहारे चकबंदी के कर्मचारियों की मिली भगत से करोड़ों की इस भूमि को राजस्व के अभिलेखों में एक व्यक्ति के नाम दर्ज कर दिया गया। सूत्रों की माने तो खतौनी तक नाम चढ़ाने के लिए चकबंदी के कर्मचारियों ने सुविधा शुल्क के रूप में मोटी रकम वसूल किया। इस पूरे प्रकरण में चकबंदी के एक पटवारी की भूमिका बेहद संदिग्ध बताई जाती है। कुंडेश्वरी रोड पर मल्टीवॉल डुप्लेक्स प्राइवेट लिमिटेड को स्थापित हुए लगभग 35 वर्ष हो गए। इसी फैक्ट्री के ठीक पीछे ग्राम सभा की लगभग पौन एकड़ भूमि है। कई वर्षों से फैक्ट्री का ट्रीटेड पानी इसी जमीन पर बने पुराने नाले के सहारे पथरी नदी में डाला जाता था लेकिन चकबंदी के अधिकारियों द्वारा बड़ा गड़बड़ घोटाला किया जाने के बाद जब ग्राम सभा की भूमि व्यक्ति विशेष के नाम कर दी गई तो अमुख व्यक्ति ने इधर से होकर गंदे पानी की निकासी पर रोक लगा दी।

# 42 पाउच अवैध कच्ची शराब के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा तस्कर

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक और शराब तस्कर को दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 42 पाउच (लगभग 20 लीटर) अवैध कच्ची शराब बरामद किया। आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद के निर्देश पर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी इसी दौरान भट्टा कॉलोनी से दोहरी वकील भट्टा कॉलोनी कुंडेश्वरी निवासी कमल सिंह पुत्र चेतराम को संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए शक के आधार पर दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 42 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया। चौकी लाकर जरूरी पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# एसएसपी ने बगवाड़ा मंडी में स्ट्रॉन्ग रूम का किया निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बगवाड़ा रुद्रपुर पर स्ट्रांग रूम तैयार किया गया है। मतदान के बाद ईवीएम को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच स्ट्रांग रूम में विधानसभावार रखा जाएगा। वहीं यहां पर ही बनाए गए मतगणना केंद्र पर गिनती होगी। इसको लेकर आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 मंजुनाथ टी सी ने बगवाड़ा मंडी पहुंचकर चल रही तैयारियों का निरीक्षण किया। मौके पर एसएसपी ने बगवाड़ा में सुरक्षा संबंध



ी आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि मतदान की समाप्ति के बाद पोलिंग पार्टियां ईवीएम स्ट्रांग रूम में जमा करेगी। इसकी सुरक्षा के लिए अर्द्धसैनिक बल के जवानों को तैनात किया जाएगा। वहीं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी निगरानी में रहेंगे। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम में अनधिकृत लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। ईवीएम की सुरक्षा के लिए स्ट्रांग रूम को सील किया जाएगा। ईवीएम स्ट्रांग रूम में विधानसभावार रखे जायेंगे। सीसीटीवी कैमरे से 24 घंटे निगरानी होगी। फोर्स की शिफ्टवार ड्यूटी लगाई जाएगी ताकि सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो।

# पर्स चुराता चोर रंगे हाथ पकड़ा

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जेब से पर्स चुरा भाग रहे उच्चके को लोगों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। शीशगढ़ बरेली निवासी मैसर खान पुत्र इंद्र खान ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि तड़के एक उच्चके ने उसकी पेंट की जेब से पर्स निकाल लिया। पर्स निकलने का अंदेशा होने पर उसने और उसके साथ ने पीछा कर उच्चके को एफसीआई गोदाम मंडी के पास पकड़ लिया। उसके पास से चुराया पर्स भी बरामद कर लिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर उच्चके मोहम्मद अमन पुत्र मोहम्मद हरीन निवासी काबुल गेट वार्ड 14 के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तीसरी बार भी मिलेगा आशीर्वाद : अजय टम्टा

गरुड़(उद संवाददाता)। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद सांसद अजय टम्टा गरुड़ पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका भव्य व जोरदार स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अजय टम्टा हैट्रिक बनाएंगे। गरुड़ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सांसद अजय टम्टा ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा का टिकट देकर उन पर विश्वास जताया। वे उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें तीसरी बार भी जनता का आशीर्वाद मिलेगा और वे संसद में पुनः निर्वाचित होकर जाएंगे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि अजय भारी



मतों से हैट्रिक बनाएंगे। इस दौरान दर्जा राज्यमंत्री शिव सिंह बिष्ट,जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण,जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, इंद्र सिंह बिष्ट, मंगल राणा, ब्लाक प्रमुख हेमा बिष्ट, महेश ठाकुर, जनार्दन लोहुमी, जेसी आर्य, कैलाश खुल्बे,नवीन खोलिया, हरीश रावत, दीपक खुल्बे, चंदन बोरा, शंकर सिंह परिहार, आकाश रावत, गिरीश रावल, दयाल काला, रमेश जोशी उमेद रावल नंदन थापा, सुरेश खेतवाल, दुग्ध संघ अध्यक्ष गिरीश रावल, कमलेश पांडे, दिनेश गोस्वामी, राजू नेगी, तायरा बानो, धनी देवी, अनीता आर्य समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन 16 से

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के अनुसार स्वामी विवेकानंद अंडर-20 पुरुष फुटबॉल नेशनल चौंपियनशिप 2023- 24 इस वर्ष अंडर - 20 यूथ फुटबॉल नेशनल फुटबॉल चौंपियनशिप छत्तीसगढ़ में अप्रैल माह में आयोजित होने जा रही है। यह जानकारी देते हुए उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव अख्तर अली ने बताया कि उपरोक्त नेशनल फुटबॉल प्रतियोगिता में उत्तराखंड की टीम भी प्रतिभाग करने जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की टीम में प्रतिभाग करने वाले इच्छुक खिलाड़ियों का चयन ट्रायल आगामी 16 मार्च दिन शनिवार से 17 मार्च दिन रविवार को प्रातः 9 बजे कॉर्बेट फुटबॉल क्लब, रुद्रपुर उधम सिंह नगर में होगा। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों की जन्म तिथि 01 जानकारी 2005 से 03 दिसंबर 2007 तक माननीय होगी। इच्छुक खिलाड़ी अपने मूल प्रमाण पत्र साथ में लेकर आए।

# खूनी संघर्ष में एक दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफ केस दर्ज

नानकमत्ता(उद संवाददाता)।ग्राम टुकड़ी की महिला ने गाँव के आधा दर्जन लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। 5 मार्च को दोनों पक्ष सितारगंज अस्पताल में आपस में भिड़ गए थे,महिला का आरोप है कि उसका पुत्र सुखविन्दर सिंह जो आर्मी में है जो नन्द के पुत्र सन्तोख सिंह उर्फ सोनू सिंह पुत्र चरन सिंह के विवाह में आया था। उक्त सन्तोख सिंह उर्फ सोनू सिह की शादी दिनांक 06 मार्च को थी। महिला ने बताया कि उसका परिवार सन्तोख सिंह उर्फ सोनू सिह की शादी से पहले मेंहदी की रस्म में 5 मार्च को गये थे तथा मेंहदी की रस्म के लिये लगभग दोपहर 3 बजे प्रार्थनी व नन्द का परिवार ग्राम में ही स्थित गुरुद्वारे में जा रहे थे तथा बीच रास्ते में ही जगदेव सिंह, गुरमेज सिंह, स्वर्ण सिह पुत्रगण मक्खन सिहं, सर्वजीत सिंह पुत्र जगदेव सिहं, मनजीत कौर पत्नी जगदेव सिंह, सुखवन्त कौर पत्नी स्वर्ण सिंह, जिन्दर सिंह पुत्र सुरैन सिंह, वीरो कौर पत्नी हरजिन्दर सिंह आदि लोगों ने प्रार्थनी व नन्द के परिवार के लोगो का रास्ता रोक लिया,। जगदेव सिंह आदि के हाथो में तलवारे, लाठी, डंडे थे तथा जगदेव सिंह प्रार्थनी व प्रार्थनी के परिवार वालों की विडियो बनाने लगे तथा जब प्रार्थनी के पुत्र सुखविन्दर सिंह ने मना किया तो उक्त जगदेव सिंह आदि लोगों ने सभी पर हमला कर दिया। उक्त हमले में प्रार्थनी के पुत्र सुखविन्दर सिंह के सिर पर सर्वजीत सिंह ने तलवार मारी तथा प्रार्थनी के उक्त पुत्र सुखविन्दर सिंह का सिर फट गया। सिर फटने के बाद प्रार्थनी के पुत्र सुखविन्दर सिंह को जगदेव सिहं आदि खींचकर ले गये तथा लाठी डंडे, लातों से पीटने लगे उक्त पुत्र के सिर पर खुली चोटें आई है तथा शरीर पर गुम चोटें आई है। महिला का आरोप है कि उसके पुत्र सुखविन्दर सिंह को चरन सिंह पुत्र बचन सिहं व गुरमीत कौर पत्नी गुरदेव सिंह ने बचाया अन्यथा उक्त जगदेव सिंह आदि लोग प्रार्थनी के पुत्र को जान से मार देते। घायल पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र नानकमता में लेकर आये लेकिन उक्त जगदेव सिंह आदि लोग अस्पताल में पहले से ही पहुँच गये तथा प्रार्थनी डर की वजह से अपने पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र सितारगंज में ले आई तथा जब प्रार्थनी ने अपने पुत्र को अस्पताल में भर्ती कराया तथा कुछ देर बाद जगदेव सिह आदि लोग अस्पताल में पहुँच गये तथा उक्त जगदेव सिंह आदि लोग प्रार्थनी के पुत्र को मारने के लिये ढूंढने लगे तथा अस्पताल में तोड़ फोड़ की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। इधर जगदेव सिंह की तहरीर पर भी पुलिस ने सुखविन्दर सिंह, व मोफर सिंह पुत्र प्रीतम सिंह,बूटा सिंह पुत्र मोफर सिंह,सुरजीत कौर पत्नी मोफर सिंह, रजवन्त कौर पत्नी सुखविन्दर सिंह,गुरमेल सिंह पुत्र चन्ना सिंह,सुखदेव सिंह पुत्र चन्ना सिह,सुखविन्दर कौर पत्नी चन्ना सिंह, सिमरन कौर पत्नी गुरमेल सिंह,गुरमीत कौर पत्नी गुरदेव सिंह के खिलाफ पुलिस ने क्रॉस मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। नशे के खिलाफ चलाएं अभियान के क्रम में कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने एक शख्स को गश्त के दौरान दबोच कर तलाशी में उसके कब्जे से 2 किलो 298 ग्राम गांजा बरामद किया। जरूरी जानकारी जुटाने के बाद गिरफ्तार नशा कारोबारी का पुलिस द्वारा चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी राजेंद्र प्रसाद हमराहियों के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे इसी दौरान पुलिस ने रामनगर रोड पर सोना फॉर्म के पास संदिग्ध हालत में चहल कदमी करते हुए एक शख्स को धर दबोचा। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम ग्राम रमपुरा निवासी गुरुनाम सिंह पुत्र मंगल सिंह बताया। तलाशी में पुलिस को उसके कब्जे से 2 किलो 298 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। आवश्यक जानकारी जुटाना के बाद पुलिस ने गिरफ्तार नशा कारोबारी का संबंधित धाराओंमेंचालान करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

# महिलाओं के उत्पीड़न को लेकर होगा राष्ट्रीय आंदोलन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। संदेशखाली पश्चिम बंगाल में महिलाओं के उत्पीड़न के विरोध में रामपुर रोड स्थित एक होटल में ग्राम स्वराज योजना के प्रदेश संयोजक विनय बतरा के नेतृत्व में पत्रकार वार्ता की गई। इस अवसर पर अभ्युदय क्लब के प्रदेश खेल प्रभारी भारत भूषण चुघ ने कहा कि ग्राम स्वराज संपूर्ण भारतवर्ष में आदिवासी ,वनवासी समाज के बीच में ग्रामवासी के दर्द को स्वर देने का कार्य कर रहा है ,किसी भी प्रकार से ग्राम वासियों का उत्पीड़न या शोषण ना हो इसके लिए समाज में जागरूकता आनी चाहिए ।उन्होंने कहा कि इस हेतु ग्राम स्वराज योजना स्वयंसेवी संगठन के रूप में समर्पित है। उन्होंने कहा कि संदेशखाली में महिलाओं के उत्पीड़न के खिलाफ ग्राम स्वराज योजना ने यह संकल्प किया है कि संपूर्ण भारतवर्ष में इस घटना का विरोध किया जाएगा ताकि पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। वार्ता के उपरांत ग्राम स्वराज योजना के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी उदय राज को महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा ।उन्होंने कहा यदि संदेशखाली के मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई तो ग्राम स्वराज योजना राष्ट्रीय स्तर पर आंदोलन करेगा। ग्राम स्वराज योजना के प्रदेश संयोजक विनय बत्रा ने घटना की निंदा करते हुए कार्रवाई की मांग की।इस दौरान राज कोली, शिवकुमार शिबू, मनी पासवान ,अमन पांडे ,कमल कोली, सुमित राठौर ,संजय कोली, ममता कोरंगा, रेनू भाकुनी, नेहा कालाकोटी, रेनू उपाध्याय, पिंकी चौहान आदि मौजूद थे।



# महिलाओं को स्वस्थ रहने के लिए किया जागरूक

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।मुख्य चिकित्सा कार्यालय सभागार में महिला दिवस मनाया गया जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम मैं मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा महिलाओं को एनीमिया ,ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर के संबंध में जानकारी दी गई तथा महिलाओं को स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी गई। तत्पश्चात जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा पोक्सो एक्ट, एडॉप्शन एवं जुनाइयल जस्टिस बोर्ड, वात्सल्य योजना एवं विभाग द्वारा चलाई जारी रही अन्य योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला जिला समन्वयक प्रदीप मेहरा द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत कानूनी जानकारी दी गई तथा लिंगानुपात के संबंध आंकड़े दिए गए।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महिलाओं के सम्मान में वृक्षारोपण भी किया गया तत्पश्चात उन महिलाओं को सम्मानित किया गया जिनके द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए अपना उत्कृष्ट योगदान दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा महिलाओं को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समस्त महिलाओं को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। मंच का संचालन डॉ राजेश आर्य द्वारा की गई। इस अवसर पर अमृता शर्मा प्रभारी कलेक्ट, अपर नगर आयुक्त शिल्पा, अनुपमा फुटेला, डॉ अंजलि सोलंकी, सीडीपीओ आशा नेगी, डॉ अमृता शर्मा, हीरा जंगपांगी आदि उपस्थित थे।



# महाशिवरात्रि पर्व पर आध्यात्मिक प्रदर्शनी आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि का पर्व इंदिरा कॉलोनी गली नंबर 1स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में भी धूमधाम से मनाया गया ।इस अवसर पर आध्यात्मिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें आत्मा परमात्मा और सृष्टि चक्र के राज को समझाया गया। इस अवसर पर प्रजापिता ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रूद्रपुर केंद्र की संचालिका बहन सूरजमुखी ने बताया महाशिवरात्रि - एक सार्वभौमिक पर्व महाशिवरात्रि एक अत्यंत महत्वपूर्ण वृतांत का स्मरण उत्सव है। यह सारी सृष्टि की समस्त मनुष्य आत्माओं के परमपिता के दिव्य जन्म अथवा अवतरण का यादगार पर्व है इसलिए यह



अन्य सभी जन्मोत्सव वा जयंतियों की तुलना में सर्वोत्कृष्ट है। परमपिता शिव परमात्मा का दिव्य अवतरण कलयुग के अंत समय में विषय विकारों की कालिमा में लिपटे हुए और अज्ञानता की निद्रा में सोए हुए; मनुष्य मात्र को जगाने के लिए ही होता है। परमात्मा शिव संपूर्ण सृष्टि के पिता हैं इसलिए उनके "दिव्य एवं कल्याणकारी कर्तव्य" समूचे विश्व के लिए हैं। वे अपने तीन दिव्य कर्तव्यों क्रमशः नई पावन सृष्टि की स्थापना, पालना और पुरानी पतित सृष्टि से सर्व बुराइयों का विनाश करके, सभी मनुष्यों का कल्याण करते हैं और सर्व को गति और सद्गति प्रदान करते हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, डॉक्टर बलबीर सिंह धन्जु, विमल मेहरा, सरदार जसविंदर सिंह खरबंदा, राजेश ग्रोवर हरबंस मुंजाल, अरविंद चौहान, प्रोफेसर योगेंद्र चौधरी, बी. के विमला, बी. के निलिमा शर्मा, बी. के रश्मि सक्सेना, बी के महिमा,एकता ग्रोवर, नीरू चावला, आशा सिंह, सयोगिता सिंह, बी. के कमला, बी के उमा आदि उपस्थित रहे।

# डेम पार मोनी बाबा मंदिर में उमड़ा भक्तों का सैलाब

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के उपलक्ष में मोनी बाबा के मंदिर में भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा, दूर दराज से भक्त सितरगंज ,नानकमत्ता खटीमा चकरपुर बनबसा आदि जगहों से भक्त ओम नमः शिवाय, बम बम बोले का जाप करते आए। भक्तों ने अपनी कावड़ भी यहां चढ़ाई। समाज सेवी उमेश अग्रवाल ने बताया कि मोनी बाबा मंदिर एक प्राचीन ख्याति प्राप्त मंदिर है जिसके अनुयाई पूरे भारत में फैले हैं। वर्तमान में मौनी बाबा की पोती साध्वी जानकी छोटी



सी उम्र में अपनी मधुर आवाज से ख्याति प्राप्त कर रही हैं। साध्वी जानकी जगह जगह जाकर राम कथा, शिव पुराण, भागवत कथा आदि कर रही है। वर्तमान में शिवजी का एक बड़ा मंदिर भी निर्माणाधीन है। पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा ने भी मंदिर निर्माण में अपने कार्यकाल में मंदिर निर्माण में सहयोग किया था।

# पुलिस कर्मियों ने महिला का खोया हुआ पर्स वापस लौटाया

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस कर्मियों ने तत्परता का परिचय देते हुए एक महिला का खोया हुआ पर्स ढूंढकर उसे वापस लौटा दिया। जानकारी के अनुसार गत देर शाम एक महिला गीता पत्नी संतो निवासी दुमकानगर, बच्ची धरमा हल्दुचौड़ का पर्स मंगल पड़ाव में कहीं छूट गया। महिला द्वारा पर्स गुम होने की सूचना मंगल पड़ाव चौकी में जाकर दिनेश चंद्र जोशी, प्रभारी चौकी मंगल पड़ाव को दी गई। महिला द्वारा अपने पर्स में मोबाइल और हजारों धनराशि समेत अन्य दस्तावेज



होना बताया। चौकी प्रभारी के निर्देशन में पुलिस टीम ने महिला द्वारा बताए गए सभी संभावित स्थलों में पर्स की खोजबीन की ओर सीसीटीवी चेक करवाए। काफी प्रयासों के बाद पुलिस ने महिला का पर्स ढूंढ निकाला और उसे सुपुर्द किया। पर्स में महिला का मोबाइल फोन, 5000 रुपए नगद और अन्य आवश्यक दस्तावेज रखे थे। पर्स वापस मिलने पर महिला ने पुलिस को धन्यवाद व्यक्त किया।

# चीता पुलिस ने युवक का खोये मोबाइल ढूंढकर लौटाई मुस्कान

गरुड़(उद संवाददाता)। चीता मोबाइल में तैनात पुलिस कर्मियों ने खोये हुए मोबाइल को बरामद कर मोबाइल स्वामी के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी। थाना बैजनाथ के अंतर्गत पाये गांव निवासी हरीश चंद्र भट्ट पुत्र भुवन चंद्र भट्ट ने थाना बैजनाथ में बताया कि उसका मोबाइल फोन कहीं गुम हो गया है। सूचना मिलते ही थाना बैजनाथ के चीता मोबाइल में ड्यूटीरत कानि. सुरेंद्र कुमार व कानि. गणेश राम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गरुड़ बाजार क्षेत्र में व संभावित स्थानों पर ढूंढखोज



व पूछताछ की। कुछ ही देर में मोबाइल स्वामी का खोया मोबाइल सही सलामत गरुड़ बाजार से बरामद कर उन्हें लौटा दिया। इस पर मोबाइल स्वामी ने खुशी व्यक्त करते हुए बैजनाथ पुलिस के जवानों की प्रशंसा करते हुए उनका आभार व्यक्त किया है।

# निःशुल्क तृतीय जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता कल

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि.) के तत्वावधान में निःशुल्क तृतीय जिला स्तरीय महिला जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन 10 मार्च को श्री दुर्गा मंदिर धर्मशाला रूद्रपुर के ऑडिटोरियम में किया जाएगा। जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज मे दिन प्रतिदिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओ के प्रति सभी महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त व जागरूक करना है, जिससे कि सभी बालिकाएं व महिलाएं आत्मरक्षा को सीखते हुए अपने जीवन में आत्मरक्षा को प्रथम स्थान देकर अपनी रक्षा कर सकें। जिसके लिए जिला जुजित्सु एसोसिएशन



द्वारा प्रत्येक वर्ष निःशुल्क जु-जित्सू प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में संपूर्ण जनपद से लगभग 150 बालिकाएं विभिन्न आयु वर्गो सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं एडल्ट्स की जुजित्सू फाइटिंग स्पर्धा में प्रतिभाग कर रही है। जिनमें अधिकांश बालिकाएं वर्तमान समय में र.म.सा. एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत चल रहे रानी लक्ष्मी बाई आत्मरक्षासुरक्षा प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रही हैं। ओर आगे महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में निष्पक्ष परिणाम के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया गया है।

# विधायक बेहड़ ने किया 27 लाख के विकास कार्यों का किया लोकार्पण व शिलान्यास

किच्छा(उद संवाददाता)।विधायक तिलकराज बेहड़ ने विधायक निधि व राज्य वित्त से निर्मित कराये कराये जा रहे 4 विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास किया। इन विकास कार्यों की कुल लागत 27 लाख है, इसके तहत ग्राम शिमला में विधायक निधि से 5 लाख की लागत से निर्मित मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य का लोकार्पण, ग्राम वीरू नगला में विधायक निधि से 2.72 लाख की लागत से निर्मित मंदिर में सौंदर्यीकरण का लोकार्पण, ग्राम छिनकी में विधायक निधि से 5 लाख की लागत से निर्मित गुरुद्वारा साहिब में सौंदर्यीकरण कार्य का लोकर्पण तथा राज्य वित्त से निर्मित रायपुरा सैजना लिंक मार्ग का प्रीमिक्स कारपेट द्वारा पुनः निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य जिसकी लम्बाई 525 मीटर तथा लागत 14.31 लाख रूपये का शिलान्यस नारियल फोडकर समस्त क्षेत्रवासियों के साथ किया। इस अवसर पर बेहड़ ने कहा कि उनके द्वारा



किच्छा विधानसभा में विकास की योजनाओं के साथ-साथ धार्मिक स्थलों के निर्माण व सौन्द्रियकरण कार्य भी कराये जा रहे है। प्रत्येक समाज के धार्मिक स्थलों का ध्यान रखा जा रहा है इसी के तहत 3 धार्मिक स्थलों में कार्य पूर्ण किये जाने के बाद उद्घाटन कार्यक्रम किये गए है। समाज में धार्मिक आयोजन हो इससे समाज में सकारात्मक संवेदनाओं का संचार होता है व क्षेत्रवासी नेकी के कार्यों से जुड़ते है इसलिए धार्मिक स्थलों में सुविधाओं को बढ़ाया जाना व प्रत्येक गाँव-गाँव में धार्मिक आयोजन हो इनके लिए धार्मिक स्थल होना बहुत जरूरी है। सब अपने-अपने धर्म से जुड़कर समाज में भाईचारे और अपने क्षेत्र की प्रगति के लिए सैदेव प्रयासरत्त रहे ऐसी वे इश्वर से कामना करते है। लोकार्पण के तत्पश्चात विधायक बेहड़ अपने साथी हाजी सरवर यार खान का हालचाल जानने उनके गाँव दरऊ में पहुचें। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, निवर्तमान पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली,राजेश प्रताप सिंह,मेजर सिंह,अशोक चुघ,यामीन अंसारी,अजीत सचदेवा,सतीश मक्कड़,धर्मेन्द्र सिन्धी,गुलशन सिन्धी,प्रतिभा रघुवंशी,विजय यादव,अनिल गंभीर,अनिल जल्होत्रा, बलविंदर सिंह,विक्रमजीत सिंह,त्रिलोक सिंह,हरप्रीत सिंह,गगनदीप सिंह, लियाकत अंसारी, आसिफ,शाहिद हुसैन, मंजीत सिंह,अवतार सिंह,रेशम सिंह,नत्थू लाल यादव,भवन सिंह यादव, रामपाल यादव, राजवीर, प्रेमराज, रणवीर आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिव भक्ति में देर रात तक झूमे श्रद्धालु

## श्री अमरनाथ जी सेवा मण्डल द्वारा आयोजित शिव जागरण में खूब बही शिव भक्ति की रसधार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल द्वारा गांधी पार्क में आयोजित 16 वें विशाल शिव जागरण में भजन गायकों ने भजनों की ऐसी रसधार बहाई की श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे। जागरण में सर्वप्रथम गणेश भगवान,भोलेनाथ, श्री राम परिवार,राधा कृष्ण भगवान की प्रतिमा के सम्मुख अखंड ज्योति प्रज्वलित की गई। जागरण में शिव बाबा की सुंदर झांकी, शिव विवाह और नृत्य की भी शानदार प्रस्तुति हुई। जागरण में भजनों की शुरूआत गणेश वंदना और गुरू वंदना के साथ हुई। शिव जागरण में बरेली से पहुंची प्रसिद्ध भजन







गायिका अंजलि द्विवेदी ने श्री राम धुन और चौपाइयों के साथ भजनों की ऐसी शुरुआत करी कि वहां मौजूद सभी भक्त और भक्तानिया जमकर झूमने पर मजबूर हो गए। भजन गायिका अंजलि द्विवेदी ने जागरण में गली-गली शहर-शहर गूंजी यही पुकार,मेला लगा है भक्तों का सब करते भोले की पुकार यही,आज भोले का डमरू बाजेगा बम भोले...., तेरे डमरू की धुन में मगन ना हुआ, ऐसा प्राणी तो दुनिया में कोई नहीं...., खाटू की गलियों की कुछ बात निराली है, एक तू ही नहीं पागल दुनिया मतवाली है.., सज के सवर के नीले पर चढ़ के खाटू का राजा आ गया भक्तों का मन हर्षा गया.., एवं ऐसा देश का है रखवाला कर दिया बंद जिसने घोटाला हिंदू हृदय सम्राट है मोदी, जिनपे कृपा श्री राम की है.. आदि सुनाकर भक्तों को खूब नचाया। जागरण में बीच-बीच में एक दो तीन चार भोले तेरी जय जयकार, बोल भोले की बम के जयकारों के साथ पूरा गांधी पार्क शिव मय हो गया। जागरण मे भजन गायक रितेश मनोचा ने ऐसा डमरू बजाया भोलेनाथ ने,सारा कैलाश पर्वत मगन हो गया.., भोले की बारात चढ़ी सज धज के, सारया ने भांग पीती रज रज के...., हे भोलेनाथ की शादी हम तो नाचेंगे... जैसे सुंदर भजन सुना कर भक्ति रस की खूब गंगा बहाई। भजन गायक पिंदर ने आई शिव रात्रि भोले बाबा की मस्त मलंग हो जायेंगे..., तेरे द्वार खड़े हैं जोगी...,जय शिवशंकर जय शिव भोले.. जबकि भजन गायक रमेश राठौर ने तेरी जय हो गणेश...,जय हो भोलेनाथ जै हो भंडारी..., भोले को कैसे मनाऊ रे मेरा भोला ना माने...आदि भजनों की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। जागरण में कलाकारों ने शिव विवाह की सुंदर झांकी का मंचन और नृत्य की प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। शिव विवाह के मंचन की श्रद्धालुओं ने खूब सराहना की। इस दौरान भोलेनाथ का रूप धरे कलाकार ने अपनी जटाओं से गंगा की धार से श्रद्धालुओं पर छीटें डाल कर सबको आकर्षित किया। जागरण में भजन गायिका अंजलि द्विवेदी श्री अमरनाथ जी सेवा मंडल की महिला सदस्यों द्वारा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही आयोजकों ने अन्य भजन गायकों एवं कार्यक्रम में पहुंचे अन्य विशिष्ठ अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्म्मानित किया। श्री अमरनाथ जी सेवा मण्डल के अध्यक्ष अजय चड्डा ने शिव जागरण और शिव बारात की सफलता पर शहर की सभी धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के साथ ही कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। जागरण में विधायक शिव अरोरा, समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा,पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, भारत भूषण चुघ, आरएन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक मोहित राय, आशु गुम्बर,हरीश गुम्बर, गुलशन छाबड़ा, सचिन गुम्बर, व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, संजय ठुकराल, राजकुमार खनिजो, सुरेश पपनेजा, राजकुमार मिगलानी, गौरव आहूजा,दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, स. गुरमीत सिंह, राजेश कामरा के अलावा श्री अमरनाथजी सेवा मंडल के सुनील ठुकराल ,अमित अरोड़ा बॉबी, राकेश सुखीजा,राजन राठौड,मनीष चुघ, राजीव मिड्डा, निशांत ढल्ला, अजय लूथरा, अंकित नरूला, मानिक अरोरा, सुमित गावा, सुरेश छाबड़ा,अशोक कामरा, रोहित नागपाल, सुशील नारंग, सुरेश छाबड़ा, हितेश ठुकराल, रजत सेठी, हेमंत राज, अक्षय अरोरा, नरेन्द्र नारंग, सूरज झाम, सुमित घई, नितिश धीर, चेतन कुमार, सुमित सहगल, विशाल हुड़िया, अलका चड्डा, पलक ढल्ला, आशा राठौर, शैली ठुकराल, चांदनी लूथरा, मिन्नी ठुकराल, सिमरन चड्डा, सोनिया अरोरा, मिन्नी अरोरा, शिखा हुड़िया, अनु राज, सान्या अरोरा आदि लोग मौजूद थे।









# रुद्रपुर में गाजे बाजों के साथ निकली शिव बारात

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। महाशिवरात्रि के पवित्र पर्व पर श्री अमरनाथ जी सेवा समिति के तत्वाधान में आयोजित शिव बारात श्री पांच मन्दिर से प्रारंभ से होकर बड़े धूमधाम के साथ निकाली गई। भगवान शिव की बारात मे विधायक शिव अरोड़ा सहित सैकड़ो रुद्रपुरवासी सजधज के साथ बाराती बनकर शामिल हुए। बाजार के मुख्य मार्ग से निकली शिव बारात में मुख्य आकर्षण महादेव के स्वरूप व उनके साथ अघोरियों की फौज भस्म की होली खेलते हुए गाजे बाजे पर नाचते गाते हुए निकले। शिव बारात में भोले बाबा और अघोरियों ने बारातियों के साथ जमकर नृत्य करते हुए रुद्रपुरवासियो को भक्ति की रसधारा से सरोबार किया। शिव बारात में श्रद्धालुओं ने भी जमकर ठुमके लगाए और भक्ति रस में डूबे रहे। शिव बारात में पीछे पीछे महिलाओं की टोली चल रही थी और पूरी शिव बारात में भजनों पर थिरक रही थी। शिव बारात में सबसे आगे बैंड चल रहा था, उसके पीछे विधायक शिव अरोड़ा,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा और श्री अमरनाथ जी सेवा समिति के सदस्य व श्रद्धालु बाराती के रूप में भोले की धुन में मगन होकर नृत्य कर रहे थे और जमकर भस्म से होली खेलते नजर आए। शिव बारात का जगह जगह धार्मिक संस्थाओं और व्यापारियों द्वारा पुष्प वर्षा के साथ जोरदार स्वागत किया गया। शिव बारात पांच मन्दिर से प्रारंभ होकर भगत सिंह चौक होते हुए मुख्य बाजार से होते हुए गांधी पार्क रुद्रपुर में पहुँची। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा महाशिवरात्रि का यह पर्व चारो ओर आनद का वातावरण और उसी के उपलक्ष्य में श्री अमरनाथ जी सेवा समिति जो हर वर्ष भव्य कावरियों का स्वागत करता हैं। इस बार उन्होंने शिव बारात का बहुत सुंदर आयोजन किया। विधायक ने कहा भगवान महादेव की कृपा समस्त क्षेत्रवासियों पर बनी रही क्षेत्र तरक्की करे ओर हम इसी प्रकार धर्मिक आयोजन कर अपनी संस्कृति को मजबूत करे। इस दौरान दर्जामंत्री उत्तम दत्ता, संजय ठुकराल, धीरेंद्र मिश्रा, जिला महामंत्री अमित नारंग, सुरेश कोली, सोनू अनेजा, किरण विर्क, अनमोल विर्क, सुशील यादव, धर्म सिंह कोली, देवभूमि व्यापार मंडल जिला अध्यक्ष गुरमीत सिंह, रुद्रपुर उद्योग व्यापार मंडल महामंत्री मनोज छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संदीप राव, मीना शर्मा, अनिल शर्मा, विनय बत्रा, रोनिक नारंग, राजकुमार साह, मयंक कक्कड़, मनोज मदान, राजेश कामरा, योगेश वर्मा, विजय जग्गा, महेश बब्बर, बॉबी अरोरा, अशोक गुम्बर,राधेश शर्मा,प्रदीप अदलकखा,मानस जायसवाल, बिट्टू चौहान, मनीषा रॉय,मोहित चड्ढा, विपुल पसरीचा , आदेश भरद्वाज, जितेंद्र संधू ,मनमोहन सिंह, राजीव शुक्ला, कुलदीप फौजी, मनदीप वर्मा, राजेश तिवारी, गौरव अरोरा, व श्री अमरनाथ जी सेवा समिति से सुनील ठुकराल, अमित अरोड़ा बॉबी, निशांत ढल्ला, रौनिक नारंग,माणिक अरोरा, राजन राठौर , राकेश सुखीजा, अशोक अरोरा आदि लोग मौजूद रहे।








# उत्तरांचल दर्पण
## सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## राजनीतिक दलों का चंदा

प्रत्येक चुनाव में राजनैतिक दलों द्वारा किये जाने वाले खर्च को लेकर पिछले कई वर्षों से मंथन किया जाता रहा है। खर्च किये जाने वाली धनराशि में बढ़ोत्तरी भी की जाती रही है। परंतु चुनावी चंदे का विवाद राजनीतिक दलों के लिए परेशानी का सबब बनता जा रहा है। कुछ राजनैतिक दल इसे बढ़-चढ़ कर राजनीतिक रूप देने की कोशिश में जुटी हैं, जिन्हें कम चंदा मिला है, मगर पारदर्शिता उनके यहां भी नहीं है। चाहे वे राष्ट्रीय दल हों या क्षेत्रीय, सबने अज्ञात स्रोतों से चंदा हासिल किया है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म यानी एडीआर नामक संगठन ने अपने अध्ययन में खुलासा किया है कि राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे के बयासी फीसद हिस्से के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह चुनावी बांड से प्राप्त हुआ धन है। चुनावी बांड का प्रावधान इसलिए किया गया था कि चंदे के रूप में काले धन का प्रवाह रोका जा सके। मगर वह तरीका कारगर साबित नहीं हुआ। इसे लेकर विवाद तब और बढ़ गया, जब देखा गया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के सारे दलों को मिले चंदे की राशि में बहुत अंतर सामने आया । कुल चंदे का करीब आधा हिस्सा अकेले सत्तापक्ष को मिला और बाकी में सारे दलों का हिस्सा है। विचित्र बात यह कि एक करोड़ की राशि वाले चंदों की संख्या अधिक थी और छोटी राशि के चंदे बहुत कम आए। मगर चुनावी बांड के नियमों के मुताबिक चूंकि चंदा देने वालों के नाम उजागर नहीं किए जा सकते, इसलिए उनके स्रोत अज्ञात ही बने रहे। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि किस पार्टी को कितना और कहां-कहां से चंदा मिला। हालांकि पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देते हुए उस पर रोक लगा दी और भारतीय स्टेट बैंक से तीन हफ्ते के भीतर वे सारे नाम निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में राजनीतिक दलों को चंदे दिए हैं। मगर स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय में समय सीमा बढ़ा कर जून तक करने की फरियाद लगा दी। इसे लेकर स्वाभाविक ही एक नए तरह का विवाद शुरू हो गया। अब सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई है कि स्टेट बैंक की इस नाफरमानी पर अवमानना की कार्रवाई हो। देखने की बात है कि अदालत इस पर क्या रुख लेती है। मतदाता को पूरा हक है कि जिस दल के पक्ष में वह मतदान करता है, उसके बारे में हर जानकारी प्राप्त करे। उसके आय-व्यय का हिसाब भी उसे पता हो। फिर जो कंपनियां राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं, उन्हें भी ओट में न रखा जाए, क्योंकि बहुत सारे लोगों के शेयर उन कंपनियों में लगे होते हैं। आयकर विभाग राजनीतिक दलों के चंदे का भी हिसाब रखता है, मगर चुनावी बांड नियमों की वजह से वह भी अंधेरे में रह जाता है कि चंदे का स्रोत क्या है। अब समय आ चुका है कि चुनावी खर्चे को पारदर्शी बनाने के लिए इसके आय स्त्रोत का पता भी चलना चाहिए कि किस राजनैतिक दल को कौन कितना चन्दा दे रहा है।

# एक किलो अफीम ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ए एन टी एफ व दिनेशपुर थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाईक सवार दो युवकों को 1.020 किलो अवैध अफीम ले जाते गिरफ्तार कर लिया। मामले का खुलासा करते हुए सीओ निहारिका तोमर ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे का अवैध कारोबार करने वाले व्यक्तियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रभारी एएनटीएफ व थानाध्यक्ष दिनेशपुर के नेतृत्व में कार्यवाही करते हुए थाना दिनेशपुर पुलिस एवं ए एन टी एफ टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए गत रात्रि चेकिग के दौरान जाफरपुर रोड पर अग्रेजी शराब के ठेके के पास बाईक सवार दो संदिग्ध युवकों को रोककर उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना नाम पता अमरजीत सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह व जुझार सिंह पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासीगण वार्ड नं0 3 थाना दिनेशपुर बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 01 किलो 20 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुई। पुलिस ने दिनों की गिरफ्तार कर मोटर साईकिल संख्या यूके 06 ए एक्स 3715 को सीज कर दिया। पूछताछ के दौरान उन्होंने पुलिस को बताया कि उक्त अफीम बदायू के रहने वाले व्यक्ति से खरीद कर लाए हैं। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उनि राजेश पाण्डेय प्रभारी ए एन टी एफ, अनिल जोशी थानाध्यक्ष थाना दिनेशपुर, उनिमनोज कुमार, अउनि0 दरबान सिह, हेड का0 भुवन पाण्डेय एसओजी, कानि विनोद खत्री, संतोष रावत शामिल थे।

# नीलकंठ महादेव मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

ऋषिकेश । महाशिवरात्रि पर्व पर नीलकंठ धाम में शिवभक्तों की भीड़ उमड़ी। करीब सात लाख श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। नीलकंठ पैदल मार्ग शिवमय नजर आया। शिवालय हर हर महादेव के उद्घोष से गूंज उठे। लक्ष्मणझूला-नीलकंठ अधिक भीड़ होने के कारण मोटर मार्ग पर दिनभर वाहन रेंगते रहे। नेपाली फार्म से लेकर



तपोवन तक भी यातायात व्यवस्था पटरी से उतर गई। भीड़ को नियंत्रण करने के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहे।शुक्रवार को राजाजी टाइगर रिजर्व अंतर्गत गौहरी रेंज में नीलकंठ पैदल मार्ग पर सुबह से ही शिवभक्तों की आवाजाही बनी रही। बाघखाला से लेकर नीलकंठ मंदिर तक जलाभिषेक के लिए शिवभक्तों का हुजूम उमड़ा। इस दौरान करीब सात लाख श्रद्धालुओं ने नीलकंठ धाम में जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारी शिवानंद गिरी ने बताया कि बृहस्पतिवार रात 12 बजे से मंदिर में जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हुआ। जो शुक्रवार दिनभर चला। शाम करीब 7:30 बजे भगवान शिव का श्रृंगार के लिए मंदिर के कपाट बंद किए गए। उसके बाद रात करीब 8 बजे से जलाभिषेक का सिलसिला फिर शुरू हुआ। बीते बृहस्पतिवार से अब तक मंदिर में करीब सात लाख शिवभक्तों ने जलाभिषेक किया है।

# फिल्म निर्देशक तिग्मांशु धूलिया दोनों भाईयों के साथ गांव पहुंचे

कोटद्वार। उत्तराखंड में पौड़ी जिले के डांडामंडी के पास स्थित मदनपुर गांव के मूल निवासी जाने माने फिल्म निर्देशक तिग्मांशु धूलिया, उनके बड़े भाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और सबसे बड़े भाई सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हिमांशु धूलिया शुक्रवार को पैतृक गांव पहुंचे। यहां गांव में ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वे पारिवारिक कार्यक्रम में यहां पहुंचे थे। गांव के शिवनागली मंदिर में पूजा-



अर्चना व परिजनों से मुलाकात के बाद वे शाम को ही लैंसडौन पहुंच गए। यहां उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व जाने माने पत्रकार अपने दादा स्व. पंडित भैरवदत्त धूलिया पत्रकार पुरस्कार समारोह के आयोजन के लिए स्थल चयन से संबंधित जानकारी ली। शिवनागली मंदिर में उन्होंने भगवान शिव का जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। शुक्रवार दिन में तीनों धूलिया बंधु व उनके परिजन लैंसडौन पहुंचे। यहां उन्होंने इस साल 19 मई को लैंसडौन में कर्मभूमि फाउंडेशन के तत्वाधान में होने वाले द्वितीय पंडित भैरव दत्त धूलिया पत्रकार पुरस्कार समारोह के आयोजन स्थल के बारे में चर्चा की।

# समाज और राष्ट्र निर्माण में नारीशक्ति की भूमिका अतुलनीय





## उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को राज्यपाल ने किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या में आयोजित ‘‘नारी शक्ति-राष्ट्र शक्ति’’ सम्मान समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया। यह सम्मान कला-संस्कृति के क्षेत्र में पद्मश्री बसंती बिष्ट व ऐंपण गर्ल मीनाक्षी खाती को, खेल के क्षेत्र में भारोत्तोलक प्रशिक्षक हंसा मनराल, पर्वतारोही हर्षवंती बिष्ट एवं ताशी मलिक को, पत्रकारिता में वरिष्ठ पत्रकार सुश्री ज्योत्सना को, सामाजिक कार्य हेतु आसरा संस्था की संस्थापिका शैला बृजनाथ व प्रधानाचार्य हिम ज्योति स्कूल रूमा मल्होत्रा को, शिक्षा के क्षेत्र में प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज राजपुर रोड देहरादून प्रेमलता बौड़ाई और वार्डन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गंगोलीहाट पिथौरागढ़ रेणु साह को दिया गया। राज्यपाल ने सभी को गौरा देवी की प्रतिकृति और शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने श्रीमती गीता धामी को विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मानित किया। इसके अलावा राज्यपाल ने माता मंगला जी, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खडूड़ी भूषण, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह और मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूडी को उनके सराहनीय योगदान के लिए विशेष प्रशस्ति पत्र प्रेषित कर उन्हें सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम में राज्यपाल ने 2023 की उत्तराखंड बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाली 04 बालिकाओं को पुरूस्कृत किया, जिन्हें 50-50 हजार रूपये के चेक दिए गए। यह पुरस्कार हाईस्कूल में भागीरथी उच्चतर माध्यमिक विद्या मंदिर कण्डी छाम, टिहरी गढ़वाल की छात्रा कु0 शिल्पी को, इण्टरमीडिएट हेतु कला संकाय में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चिन्यालीसौड़, उत्तरकाशी की छात्रा कु0 हिमानी को, विज्ञान वर्ग में रामलाल सिंह चौहान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जसपुर, उधमसिंह नगर की छात्रा कु0 तनु चौहान व वाणिज्य संकाय में सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज आवास विकास, ऋषिकेश की छात्रा कु0 कुमकुम जोशी को प्रदान किया गया। राज्यपाल ने प्रदेश के राजकीय संस्थानों में अध्ययनरत 04 छात्राओं को छात्रवृत्ति भी प्रदान की। उन्होंने उत्तराखण्ड आयुर्वेद विश्वविद्यालय देहरादून से सुश्री ममता सजवाण को, राजकीय महिला पॉलीटेक्निक चंदनवाडी, देहरादून से सुश्री रिया व सुश्री निजा शर्मा को और महिला प्रौद्योगिकी संस्थान सुद्धोवाला की छात्रा सुश्री प्रियंका कुकरेती को 25-25 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। इसके अलावा राज्यपाल ने प्रदेश में सराहनीय कार्य करने वाले 15 स्वयं सहायता समूहों को 21-21 हजार रूपये के चेक प्रदान किए। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि नारी-शक्ति की भूमिका परिवार निर्माण, समाज निर्माण व राष्ट्र निर्माण और इन तीनों के विकास में अतुलनीय है। हमारे देश में मातृशक्ति हर एक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन कर रही हैं। हमें मातृशक्ति पर गर्व है कि उनका यह योगदान देश को और भी समृद्धि एवं प्रगति की ओर ले जा रहा है। उत्तराखंड की मातृशक्ति सबसे अलग है उनकी क्षमता, प्रतिभा और उनका हौसला सराहनीय है। प्रदेश में स्वयं सहायता समूह, आशा, नर्सिंग और आंगनबाड़ी कार्यकत्री के रूप में महिलाएं उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि उत्तराखण्ड की बेटियां समाज व प्रदेश में क्रांति लायेंगी। राज्यपाल ने कहा कि समाज-सुधार, राजनीति, अर्थ-व्यवस्था, शिक्षा, विज्ञान व अनुसंधान, व्यवसाय, खेल-कूद और सैन्य बलों तथा अनेक अन्य क्षेत्रों में हमारी बहनों और बेटियों ने अमूल्य योगदान दिया है। ऐसी कितनी ही महिलाएं हैं जो प्रतिकूल परिस्थितियों के बावजूद, विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढकर नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। दुनिया भर में महिलाओं ने अपनी शक्ति और दृढ़ संकल्प से अपने देश एवं समाज को नई ऊँचाइयों पर पहुंचाया है। राज्यपाल ने विश्वास जताया कि आप सभी से प्रेरणा लेते हुए अपने उत्तराखण्ड की अन्य बेटियां देश, समाज और राष्ट्र को परम वैभव तक ले जाने के लिए प्रेरित होंगी। इस अवसर पर प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, श्रीमती गीता धामी, सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक सविता कपूर, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ.गीता खन्ना, महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कंडवाल, मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव श्रीमती राधिका झा, सचिव श्री राज्यपाल श्री रविनाथ रामन, आईजी पुलिस विम्मी सचदेवा, अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती स्वाति एस. भदौरिया, डीएम देहरादून सोनिका, वीसी दून विश्वविद्यालय प्रो.सुरेखा डंगवाल, वित्त नियंत्रक डॉ0 तृप्ति श्रीवास्तव सहित अनेक महिलाएं उपस्थित रहीं। इस अवसर पर भातखण्डे संगीत महाविद्यालय, हिम ज्योति स्कूल और देव संस्कृति विश्वविद्यालय की छात्राओं ने सुंदर प्रस्तुतियां दी।







# हिमाचल कांग्रेस के छह बागी समेत 11 विधायकों ने उत्तराखंड में डाला डेरा



देहरादून। राजनीतिक संकट में फंसी हिमाचल कांग्रेस के छह बागी विधायकों समेत 11 विधायकों के उत्तराखंड पहुंचने की खबर है। इनमें वे तीन निर्दलीय विधायक भी शामिल हैं, जिन्होंने अभी हाल ही में राज्यसभा के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान किया था। ये सभी विधायक विशेष चार्टर्ड विमान से जौलीग्रांट स्थित देहरादून हवाई अड्डे पर उतरे और यहां से किसी अज्ञात स्थान के लिए रवाना हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इन सभी विधायकों के ऋषिकेश से करीब 30 किमी दूर स्थित एक बड़े समूह के होटल में ठहरने की सूचना है। माना जा रहा कि ये बागी विधायक अगले कुछ दिन उत्तराखंड में ही व्यतीत करेंगे। बताया जा रहा कि शुक्रवार को ये बागी विधायक जौलीग्रांट स्थित देहरादून एयरपोर्ट पर विशेष चार्टर्ड विमान से पहुंचे। उनका यह कार्यक्रम गोपनीय रखा गया है। उनके एयरपोर्ट पर पहुंचने से पहले ही उनको अज्ञात स्थान पर ले जाने की पूरी व्यवस्था की गई थी। एयरपोर्ट से बाहर निकल कर सभी बागी विधायक ऋषिकेश की ओर रवाना हुए। यहां से वे सीधे सिंगटाली पहुंचे, जहां एक बड़े समूह का पांच सितारा होटल है। अभी यही होटल उनका ठिकाना बना है। सूत्रों का कहना है कि यहां से वे किसी अन्य अज्ञात स्थान पर भी जा सकते हैं। बागी विधायकों के साथ दो भाजपा विधायक भी बताए जा रहे हैं। कयास तो यहां तक लगाए जा रहे कि बागी विधायकों की उत्तराखंड भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी हुई है। राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के छह विधायकों की बगावत के बाद से हिमाचल में राजनीतिक हलचल है। पार्टी से निकाले जाने के बाद से बागी विधायक हिमाचल से बाहर हैं। उत्तराखंड पहुंचने से पहले उनके चंडीगढ़ और हरियाणा में होने की सूचना थी। राज्यसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट करने वाले तीन निर्दलीय विधायक भी उनके साथ हैं। बागी विधायकों के अज्ञातवास में होने के ये सियासी निहितार्थ भी निकाले जा रहे कि हिमाचल की राजनीति में कुछ बड़ा होने जा रहा है।

# कांग्रेस 10 मार्च को उत्तराखंड के लोस प्रत्याशियों की घोषणा

देहरादून। उत्तराखंड की पांच लोकसभा सीटों पर कांग्रेस 10 मार्च के बाद प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरे चरण की बैठक 10 व 11 मार्च को प्रस्तावित है। स्क्रीनिंग कमेटी ने दावेदारों की छंटनी के पैनल में 16 नाम केंद्रीय चुनाव समिति को भेजे हैं। इसमें पांच नामों पर समिति की बैठक में फैसला लिया जाएगा। शुक्रवार को कांग्रेस हाईकमान ने छत्तीसगढ़, कर्नाटक, केरल, नागालैंड, तेलंगाना, लक्ष्यद्वीप, सिक्किम, त्रिपुरा समेत अन्य राज्यों में प्रत्याशियों की पहली सूची जारी की है। इसमें उत्तराखंड शामिल नहीं है। केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी बैठक 10 व 11 मार्च को नई दिल्ली में होनी है, जिसमें उत्तराखंड की पांचों सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा होने की संभावना है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बताया, स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल, अल्मोड़ा व टिहरी सीट पर प्रत्याशियों के नामों पर गहन विमर्श हो चुका है। पांचों सीटों पर कुल 42 नेताओं व पदाधिकारियों ने टिकट के लिए दावेदारी की थी। बैठक में चर्चा के बाद 16 नामों का पैनल तय किया गया। स्क्रीनिंग कमेटी में इसमें से भी नामों की छंटनी करेगी। जिसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे। 10 मार्च के बाद प्रत्याशियों की घोषणा होने की संभावना है। प्रदेश महिला कांग्रेस की महासचिव शिवानी थपलियाल ने टिहरी संसदीय क्षेत्र से टिकट के लिए दावेदारी की है, जबकि पौड़ी गढ़वाल सीट से महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला ने टिकट के लिए दावा किया है।

## भाजपा में शामिल हो सकते हैं मनीष खंडूड़ी!

देहरादून। लोस चुनाव से ठीक पहले त्यागपत्र से कांग्रेस को झटका देने वाले मनीष खंडूड़ी भाजपा में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने भी मनीष के पार्टी में शामिल होने की संभावना जताई है। मनीष के पिता मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी भाजपा के खांटी नेता हैं और बहन ऋतु खंडूड़ी भूषण पार्टी विधायक होने के साथ उत्तराखंड विधानसभा की अध्यक्ष हैं। सूत्रों का कहना है कि कुछ दिनों से मनीष भाजपा नेताओं के संपर्क में थे। दो दिन पहले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता के साथ नई दिल्ली में थे। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता ने मनीष की मुलाकात पार्टी के केंद्रीय नेताओं से कराई। मनीष खंडूड़ी कुछ दिन बाद भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकते हैं। 10 मार्च के बाद भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा उत्तराखंड प्रवास पर आ सकते हैं। इसी दौरान नड्डा की उपस्थिति में मनीष को पार्टी की सदस्यता दिलाई जा सकती है। कांग्रेस के कुछ और वरिष्ठ नेता भी भाजपा के संपर्क में बताए जा रहे हैं, जो पार्टी को अलविदा कह सकते हैं।

# लॉटरी प्रक्रिया में 36 जिप्सी हुई बाहर

## कॉर्बेट पार्क प्रशासन ने लॉटरी सिस्टम से किया जिप्सी वाहनों का पंजीकरण

रामनगर(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क के विभिन्न पर्यटन जोनों में हर वर्ष लाखों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटक भ्रमण के लिए



आते हैं। इन पर्यटकों को जिप्सी वाहनों के माध्यम से भ्रमण कराया जाता है। कॉर्बेट पार्क के सभी पर्यटन जोनों में 360 जिप्सी वाहनों का पंजीकरण किया जाता है। इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले शिल्पेंद्र बंसल ने बताया कि उनके द्वारा हाई कोर्ट में याचिका की गई थी उन्होंने परिवहन विभाग में अपने जिप्सी वाहन का रजिस्ट्रेशन कराया था लेकिन पार्क प्रशासन द्वारा उनके वाहन का रजिस्ट्रेशन अपने यहां नहीं किया। उनका कहना है कि वर्ष 2016 में पार्क प्रशासन द्वारा पार्क के अंदर जिप्सी वाहनों का पंजीकरण लॉटरी प्रक्रिया से किया जाता था लेकिन वर्तमान में पार्क प्रशासन ने इस प्रक्रिया को बंद कर दिया था। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पार्क के अधिकारियों को लॉटरी प्रक्रिया के तहत जिप्सी वाहनों का पंजीकरण करने के आदेश दिए थे जिसके क्रम में शनिवार को पार्क प्रशासन के अधिकारियों ने इस प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ कराने की कार्रवाई की। इस संबंध में पार्क के उपनिदेशक दीगांत नायक ने बताया कि विभाग को पंजीकरण के लिए 396 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसके क्रम में सभी जिप्सी स्वामियों व चालकों के समक्ष लॉटरी प्रक्रिया शुरू की गई जिसमें 36 जिप्सी वाहनों को इस प्रक्रिया से बाहर करते हुए 360 वाहनों को पंजीकृत किया गया है।

# श्री हरि चैतन्यपुरी को भक्तों ने दी विदाई

गढीनेगी (उद संवाददाता)। चार दिवसीय महाशिवरात्रि महोत्सव एवं विराट धर्म सम्मेलन धूमधाम से सम्पन्न होने के बाद श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु जी को श्री हरि कृपा धाम आश्रम गढीनेगी से हजारों भक्तों ने पुष्प वर्षा कर भावपूर्ण अश्रुपूरित विदाई दी। श्री महाराज जी ने राजस्थान की ओर प्रस्थान किया। श्री महाराज जी की आँखों में भी आँसू दिखाई दिए। भावुक होकर उन्होंने अपने गढीनेगी व उत्तराखण्ड के प्रवास को अविस्मरणीय बताया। चार दिवसीय विराट धर्म सम्मेलन के निर्विघ्न संपन्न होने में असंख्य भक्तों के साथ साथ उन्होंने शासन व प्रशासन को भी धन्यवाद कहा। बिना किसी भेदभाव के रोज हजारों भक्त सम्मिलित हुए। उन्होंने देवभूमि व यहाँ के वासियों की प्रशंसा व महिमा का बखान करते हुए सभी का आवाहन किया कि समस्त प्रकार की संकीर्णताओं व मतभेदों को त्यागकर आपसी प्रेम, एकता , सद्भाव व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखें तथा इस पवित्र भूमि की मर्यादाओं, मूल्यों,



विरासतों व ऐतिहासिक व सांस्कृतिक धार्मिक धरोहरों के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान अवश्य दें। उन्होंने कहा कि गया हुआ समय फिर वापिस नहीं लौटता। समय बड़ा अनमोल है । भूतकाल से प्रेरणा लो, हो चुकी गल्तियों को सुधारें, भविष्य के लिए योजना चाहे बनाए, बनाते ही न रह जाएँ लेकिन वर्तमान के हर क्षण का सदुपयोग करें, दुरुपयोग तो कदाचित् भी नहीं। समय का सम्मान न करने वाले कभी सम्मान के पात्र नहीं बन पाते। इस दौरान सम्पूर्ण वातावरण बहुत ही भावुक हो गया तथा सद्गुरूदेव भगवान की जय, कामां के कन्हैया की जय, लाठी वाले भैय्या की जय व हरेश्वर महादेव की जय जयकार से गूंज उठा।

# पेज एक का शेष...

**प्रचंड बहुमत से फिर बनेगी...**संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं व उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। पूर्ण विश्वास है कि भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और देवतुल्य जनता के आशीर्वाद से यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ लोकसभा में जीत दर्ज करेगी। प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार और उत्तराखंड की धामी सरकार गरीब, किसान, मजदूर, व्यापारियों के लिए तमाम योजनाएं चला रही है, लेकिन जानकारी के आभाव में लोग इसका लाभ नहीं मिल पाता है। जानकारी के आभाव में जो लोग योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं, उन्हें फायदा पहुंचाने के लिए मीडिया प्रचार वाहन घर घर भेजे जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका फायदा सभी जरुर मिलेगा।इस दौरान नरेश बंसल,महाराजी माला राज्य लक्ष्मी शाह, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी,मीडिया प्रचार प्रसार वाहन के प्रदेश प्रभारी श्याम अग्रवाल,प्रदेश सह प्रभारी भारत भूषण चुग,प्रदेश महामंत्री अदिति कुमार, सिद्धार्थ अग्रवाल, विशाल गुप्ता आदि मौजूद थे।

**उत्तराखंड के सांसदों की ...**जारी हुई है जबकि नैनीताल सांसद व केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट की केवल 7 करोड़ 66 लाख 40 हजार, अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा की 11 करोड़ 81 लाख 50 हजार तथा टिहरी सांसद माला राज लक्ष्मी की 9 करोड़ 50 लाख की सांसद निधि ही भारत सरकार से जारी हो सकी है। इन सांसदों को जो सांसद निधि जारी हुई है उसमें से भी धनराशि खर्च को शेष है। हरिद्वार सांसद व पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व केन्द्रीय मंत्री डॉ0 रमेश पोखरियाल निशंक को उपलब्ध पूरी सांसद निधि 17 करोड़ तथा उस पर 20.75 लाख ब्याज कुल 17 करोड़ 20 लाख 75 हजार की सांसद निधि में से 31 दिसम्बर 23 तक केवल 5 करोड़ 34 लाख 35 हजार की सांसद निधि ही खर्च हो सकी है तथा 11 करोड़ 86 लाख 40 हजार (68.95 प्रतिशत) सांसद निधि खर्च होने को शेष है। नैनीताल सांसद तथा केन्द्रीय मंत्री अजय भट्ट को 17 करोड़ में से केवल 7 करोड़ 66 लाख 40 हजार की सांसद निधि में से 6 करोड़ 99 लाख 73 हजार की सांसद निधि खर्च हो सकी है जबकि 10 करोड़ 30 लाख 9 हजार (59.55 प्रतिशत) सांसद निधि खर्च होने को शेष है।पौड़ी सांसद तीरथ सिंह रावत को 17 करोड़ की जारी सांसद निधि तथा इस पर 25.45 लाख ब्याज जोड़कर 17 करोड़ 25 लाख 45 हजार में से 4 करोड़ 90 लाख 83 हजार की सांसद निधि खर्च हो सकी है तथा 12 करोड़ 34 लाख 63 हजार (71.55 प्रतिशत) सांसद निधि खर्च होने को शेष है।अल्मोड़ा सांसद अजय टम्टा को 17 करोड़ में से 11 करोड़ 81 लाख 50 हजार की सांसद निधि जारी हुई तथा 5 करोड़ 18 लाख 50 हजार की सांसद निधि जारी होने को शेष है। ब्याज 1 करोड़ 5 लाख 91 हजार कुल योग्य 18 करोड़ 5 लाख 91 हजार की सांसद निधि में से 8 करोड़ 51 लाख 59 हजार की सांसद निधि 31 दिसम्बर तक खर्च हो सकी है जबकि 9 करोड़ 53 लाख 31 हजार (52.79 प्रतिशत) सांसद निधि खर्च होने को शेष है। टिहरी सांसद माला राज लक्ष्मी को जारी योग्य 17 करोड़ की सांसद निधि में से 9 करोड़ 50 लाख की सांसद निधि ही जारी हुई है। 7 करोड़ 50 लाख की सांसद निधि भारत सरकार से जारी होने को शेष है। 1 करोड़ 60 लाख 45 हजार ब्याज जोड़कर कुल खर्च योग्य 18 करोड़ 60 लाख 45 हजार की सांसद निधि में से 31 दिसम्बर 2023 तक 8 करोड़ 15 लाख 90 हजार की सांसद निधि ही खर्च हुई है तथा 10 करोड़ 44 लाख 55 हजार (56.15 प्रतिशत) की सांसद निधि खर्च होने को शेष है।

**तो उत्तराखंड में लिखी जायेगी...**विधायकों की उत्तराखंड भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात भी हुई है। उल्लेखनीय है कि पार्टी से निकाले जाने के बाद से ही बागी कांग्रेसी विधायक हिमाचल से बाहर हैं। उत्तराखंड पहुंचने से पहले उनके चंडीगढ़ और हरियाणा में होने की सूचना थी। बागी विधायकों के अज्ञातवास में होने का सियासी निहितार्थ यह भी निकाला जा रहा है कि हिमाचल की राजनीति में शीघ्र ही कुछ बड़ा होने वाला है, जिसकी पटकथा उत्तराखंड में लिखी जा रही है।

**लालची और सत्ताभोगी....**वाला। कांग्रेस यूपीएससी की तर्ज पर व्यवस्था को पारदर्शी और पेपर लीक रहित बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि अखबार बांटने वाले, स्विगी, जोमैटो जैसे डिलीवरी ब्वॉय को सामाजिक सुरक्षा की गारंटी देंगे। ताकि उनका भविष्य सुरक्षित हो। 5000 करोड़ का कोर्प्स फंड बनेगा। स्किलफुल युवाओं को मदद की जाएगी। इसके अलावा गारंटी के पीछे उद्देश्य है कि गिरती हुई इकोनॉमी को मजबूती मिले। आज नौकरियां जाने की वजह से लोगों में दहशत का माहौल है। सवाल के जवाब में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लालच वाले, डर वाले या सत्ता भोगी लोग ही पार्टी छोड़कर जा रहे हैं। बीजेपी बहुत घबराहट में है। आज भी नौ में से पांच मंत्री कांग्रेस बैकग्राउंड के हैं। भाजपा अगर 400 पार करने वाली है तो दूसरे दलों के लोगों को क्यों ले रही है। माहरा ने कहा कि अगर कोई बताकर जाए तो उसे समझाया जा सकता है। अगर रातोंरात कोई ऐसा कर रहा है तो क्या कर सकते हैं। मनीष खंडूडी के पार्टी छोड़ने पर माहरा ने कहा कि उन्हें सम्मान देने में कांग्रेस ने कोई कमी नहीं की। पिता भाजपा से पूर्व सीएम, बहन विधायक व विधानसभा अध्यक्ष हो, इसके बावजूद कांग्रेस ने उन्हें पूरा सम्मान दिया है। मुझे दुख है, उन्हें थोड़ा सब्र रखना चाहिए।

**सड़क हादसे में...**अज्ञात वाहन के चालक ने तेजी व लापरवाही से मजदूर को चपेट में लेकर उसे मौत की नींद सुला दिया। हादसा घटित होते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। देखते ही देखते घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस को मामले की सूचना मिलने पर उसने तत्काल मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मृतक के चार पुत्र हैं। चारों बच्चे अभी बहुत छोटे हैं। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिजनों में कोहराम मचा है।

**लावारिस हालत में...**के किनारे एक व्यक्ति का शव लावारिस हालत में पड़ा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल के बाद 35 वर्षीय व्यक्ति के शव को कब्जे में ले लिया। उसके मुंह पर चोट के गहरे निशान पाए गए तथा शरीर लगभग नीला पड़ चुका है। प्रथम दृष्टया माना जा रहा है कि किसी ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हुई होगी। फिलहाल मृतक के शव को शिनाख्त के लिए पीएम हाउस में रखा गया है।

**डयूटी के दौरान...**गए। फैक्ट्री प्रबंधन ने तत्काल घायल कर्मचारी को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया जहां परीक्षण के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के एक डेढ़ वर्ष का मासूम बेटा है। उसकी पत्नी गर्भवती है। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में मातमी कोहराम मचा है।

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम सुखवन्त सिंह SUKHWANT SINGH था अब मैंने अपना नाम परिवर्तन करके सुखवन्त सिंह SUKHVANT SINGH रख लिया है, भविष्य में मुझे सुखवन्त सिंह SUKHVANT SINGH के नाम से ही जाना पहचाना व लिखा जाये।

**सुखवन्त सिंह पुत्र श्री रघुवीर सिंह**
निवासी-नानकमत्ता उप तहसील नानकमत्ता, तहसील सितारगंज, जिला उधम सिंह नगर ,उत्तराखण्ड

# एसएसपी ने एक सीओ व तीन एसपी किए स्थानांतरित

रूद्रपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजू नाथ टी सी ने जनपद के एक सीओ तथा तीन उपाधीक्षकों का स्थानांतरण किया है। मिली जानकारी के अनुसार सितारगंज के क्षेत्राधिकारी ओमप्रकाश शर्मा को क्षेत्राधिकारी पंतनगर का दायित्व सौंपा गया है। वहीं उपाधीक्षक बहादुर सिंह चौहान को क्षेत्राधिकारी सितारगंज एवं क्षेत्राधिकारी यातायात, ऊधमसिंहनगर, उपाधीक्षक विमल रावत को क्षेत्राधिकारी खटीमा तथा उपाधीक्षक अन्न राम आर्या को क्षेत्राधिकारी बाजपुर का दायित्व दिया गया है।

# दो माह बाद कार चोरी की रपट दर्ज

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अज्ञात चोरों द्वारा करीब दो माह पूर्व आदर्श कालोनी में घर के बाहर खड़ी कार चोरी कर ली गई। घटना की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में आदर्श कालोनी निवासी संजीव कुमार ने कहा है कि गत 5 जनवरी को उसकी नई कार जिसका टेंपरेरी नंबर टी।122 यूके 2700 डी है उसके घर के आगे खड़ी थी। जहां से अज्ञात व्यक्ति उसकी कार को चोरी कर ले गया है। काफी तलाशने के बाद भी कार का कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने घटना की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# किच्छा में खुली अर्बन कोऑपरेटिव बैंक बरेली की शाखा

## सांसद संतोष गंगवार, विधायक बेहड़ और जिपं अध्यक्षा रेनू गंगवार ने किया उदघाटन





किच्छा(उद संवाददाता)। रुद्रपुर रोड पर अर्बन कोऑपरेटिव बैंक बरेली लिमिटेड की शाखा का सांसद संतोष गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार, क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि कोऑपरेटिव बैंकों का कोरोना काल से लेकर अब तक महत्वपूर्ण योगदान रहा है।उन्होंने कहा कि अर्बन कोऑपरेटिव बैंक बरेली भारत का पहला बैंक है जो अंतर्राज्यीय बैंक बना है। भारत का यह पहला बैंक है जो वर्ष के 365 दिन कार्य करेगा तथा एक भी दिन अवकाश नहीं। इसकी आवश्यकता वर्तमान में जरूरी हो गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार ने कहा कि समय की मांग है कि कोऑपरेटिव बैंकों के अलावा अन्य बैंकों को भी साल के 365 दिन ग्राहकों को सेवा देनी चाहिए। क्षेत्रीय विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि कोऑपरेटिव बैंकों द्वारा स्थानीय स्तर पर ग्राहकों को व्यापक पैमाने पर सुविधा दी जा रही है। इससे पूर्व सांसद संतोष गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार, विधायक तिलक तिलक राज बेहड़ का भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय शाखा के प्रबंधक अंशुल अग्रवाल द्वारा बताया गया कि यह बैंक देश का पहला बैंक है जो 365 दिन वर्क करता रहेगा। बैंक की टाइमिंग 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगी। बैंक किसी भी प्रकार की छुट्टी या अवकाश नहीं करता है जिसका लाभ आम नागरिकों को मिलेगा तथा सरकार को भी सुविधा प्रदान हो पाएगी। उन्होंने कहा कि बैंक सभी प्रकार के नेटवर्किंग यूपीआई वर्किंग सहित तमाम नेट से जुड़ी सुविधाएं प्रदान कर रहा है इसके अलावा बैंक में वह सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है जो अन्य बैंकों में भी उपलब्ध है। इस अवसर पर मुख्य रूप से शिवपाल कश्यप, सौभाग्य कुमारी, सुरेश गंगवार, अजय पाल यादव, प्रीतम आयलानी, विजय अरोड़ा, लवी सहगल, दिलीप आयलानी, मुकेश कोली, चन्दन जसवाल, राकेश गुप्ता, देवेन्द्र शर्मा, दिनेश भाटिया, हरपाल, जगरूप गोल्डी सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# महिंद्रा ट्रैक्टर्स ने मनाया महिला दिवस

किच्छा(उद संवाददाता)।महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड की इकाई महिंद्रा टैक्टर्स ने रुद्रपुर में अपनी ट्रैक्टर मैन्यूफेक्चरिंग फेसिलिटी में महिला कर्मचारियों के साथ अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का जश्न मनाया। दिन भर चले अधिक महिलाएं कार्यरत हैं। शॉप फ्लोर पर महिलाएं प्रति दिन 240-हाइड्रोलिक्स असेंबलियों को तैयार करते हुए अपनी ताकत और मजबूती का प्रदर्शन करती हैं। हाइडोलिक्स असेंबली यूनिट पूरी तरह से महिलाओं द्वारा अपने कर्मचारियों की विविध आवश्यकताओं को शामिल करते हुए महिलाओं के लिए एक सहायक कार्य वातावरण तैयार करने की महिंद्रा समूह की प्रतिबद्धता का उदाहरण है। किच्छा रोड, लालपुर में स्थित, महिंद्रा टैक्टर्स



इस उत्सव में महिंद्रा रुद्रपूर प्लांट टीम ने महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न जागरूकता शिविरों का आयोजन किया। साथ ही खेलकूद और लंच मीटिंग जैसी अन्य गतिविधियों का आयोजन भी किया गया।महिंद्रा के रुद्रपुर टैक्टर विनिर्माण संयंत्र में 75 से संचालित होती है। महिंद्रा रुद्रपुर की वार्षिक क्षमता 100000 ट्रैक्टरों की है और यह 6 प्रकार के टैक्टर और 100 हॉर्स पावर तक की 100 से अधिक वैरायटी का उत्पादन करता है।महिंद्रा का रुद्रपुर टैक्टर प्लांट महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो रुद्रपुर प्लांट ने वर्ष 2000 में केवल ट्रैक्टर असेंबली के साथ सैटेलाइट प्लांट के रूप में परिचालन शुरू किया था। महिंद्रा टैक्टर्स ने मुंबई, नागपुर, जहीराबाद, जयपुर और पीथमपुर में अपने अन्य प्लांट स्थानों पर भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्सव का आयोजन किया।

# खुरपका, मुंहपका, गांठ रोगों से बचाव को टीकाकरण अभियान चलाया

सितारगंज(उद संवाददाता)। पशु विभाग ने गाय, भैंस, बकरी आदि पालतू जानवरों को मौसमी बीमारी खुरपका, मुंहपका, गांठ रोगों से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान तेज कर दिया है। अब तक करीब अस्पताल क्षेत्र से जुड़े 6 हजार से अधिक संख्या में पालतू मवेशियों का घर घर जाकर टीम टीकाकरण कर चुकी है। पशु विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जितेंद्र कुमार गुप्ता, फार्मासिस्ट मशकूर अहमद, राजेंद्र कुमार ने बताया कि 27 फरवरी से अस्पताल क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पालतू मवेशियों को एफएमडी, एलएसडी जैसे गंभीर रोगों से बचाव के लिए घर-घर जाकर वैक्सीन लगाई जा रही है अभी तक करीब 6200 से अधिक गाय भैंस का टीकाकरण किया जा चुका है। वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर जितेंद्र कुमार गुप्ता ने बताया कि इसके अलावा विभाग की तरफ से राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत गाय, भैंस, बकरी पर 90 फीसदी ब्याज में छूट दी जा रही है। शनिवार को ग्राम थारुतिसौर में इसके तहत ग्रामीणों को जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि किसान क्रेडिट कार्ड पशुधन से जुड़ने पर काश्तकारों को गाय, भैंस पर अधिकतम 50 हजार की लिमिट भी बैंक से बनाने की योजना है।

# लोकसभा चुनाव में जीत का रिकार्ड बनायेगी भाजपा: संतोष



किच्छा(उद संवाददाता)। सांसद संतोष गंगवार ने यहां प्रेस वार्ता में कहा कि भारतीय जनता पार्टी गठबंधन लोकसभा चुनाव में 400 से भी अधिक सीटें जीतकर रिकॉर्ड बनाएगी। उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन पूर्ण रूप से खत्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुमुखी विकास हुआ है। पूर्व की सरकारों द्वारा आम जनता को कोई राहत प्रदान नहीं की गई थी। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद आम जनता को राहत प्रदान हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में भाजपा का कोई मुकाबला नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में राम मंदिर धारा 370 सर्जिकल सहित तमाम मुद्दे हल किए गए जो भाजपा के लिए मील का पत्थर हैं। जनता द्वारा मन बना लिया गया है कि वर्ष 2024 में भाजपा को ही केंद्रीय सरकार में बैठाया जाए। उन्होंने कहा कि विपक्ष मुद्दा विहीन हो गया है। विपक्ष में एकता भी नहीं है वह टुकड़े-टुकड़े हो चुका है जिस वजह से आम जनता पुन: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री पद पर देखना चाहती है। उन्होंने कहा कि बरेली से इस बार रिकॉर्ड मतों से भाजपा जनता पार्टी के प्रत्याशी को विजयी बनाया जाएगा।

# रम्पुरा के दुर्गा मंदिर में विशाल भंडारा आयोजित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)।भारतीय जनता पार्टी आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने महाशिवरात्रि पर कोतवाली के सामने रमपुरा स्थित श्री दुर्गा मंदिर में विशाल भंडारे का आयोजन किया । साथ ही मोटेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन किए और संजय नगर खेड़ा में भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और सेवा की जहां सैकड़ो हजारों की संख्या में कांवड़ियों ने जय बम भोले की उद्घोष के साथ महाशिवरात्रि के पर्व पर माहौल भक्तिमय कर दिया ।भाजपा नेता चुघ ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व पूरे देश में हर्षोल्लास से मनाया जाता है और उत्तराखंड में इस पर्व का विशेष महत्व है। क्योंकि पतित पावनी गंगा मां हरिद्वार में ही विराजती है, जहां पूरे देश के शिव भक्त गंगाजल लेने आते हैं और महाशिवरात्रि के पर्व पर अपने-अपने क्षेत्र में जाकर शिवालयों पर जलाभिषेक करते हैं। उन्होंने कहा कि आज पूरा वातावरण शिवमय हो चुका है ।उन्होंने सभी शिव भक्तों को महाशिवरात्रि पर्व पर शुभकामनाएं दी ओर विशाल भंडारे में शिव भक्तों को लंगर ग्रहण कराया। इस दौरान विराट कोहली, राम भगत, राकेश, बंटी कोली, ओमप्रकाश, भगवान दास, दर्शन कोली, मान सिंह, ट्विंकल शुक्ला, चंद्रपाल कोली, रावतार शर्मा, अनिल गंगवार, अभिषेक, सनी पासवान, शिवकुमार शिबू,संजय राजपूत, आलोक पांडे, भागवत सहित तमाम शिव भक्त मौजूद थे।


